रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-297 रांची | बुधवार 19 जून 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12
मूल्य 4 रु.

## मेइती और कुकी समुदायों से बात करेगी होम मिनिस्ट्री

**मणिपुर मामले पर गृहमंत्री अमित शाह ने बनाया खास प्लान**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गृह मंत्रालय मणिपुर में जातीय विभाजन को पाटने के लिए जल्द से जल्द मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बात करेगा। नई दिल्ली में अमित शाह ने एक उच्चस्तरीय बैठक में मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी और राज्य में शांति एवं सौहार्द्र बहाल करने के लिए उन्हें रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए।

## बहुत नाजुक है यह सरकार, छोटी सी गड़बड़ी हुई तो गिर जाएगी

**राहुल गांधी का बड़ा दावा, चुनावी नतीजे आने के बाद दिया पहला इंटरव्यू**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली यह एनडीए सरकार बहुत ही नाजुक है। उन्होंने कहा है कि अपने तीसरे कार्यकाल में एनडीए की सरकार अस्तित्व के लिए संघर्ष कर सकती है। लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद अपने पहले साक्षात्कार में, राहुल गांधी ने फाइनेंशियल टाइम्स को बताया कि 4 जून के फैसले के बाद भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव आया है। राहुल गांधी ने फाइनेंशियल टाइम्स से कहा, संख्या इतनी कम है



कि उनकी स्थिति बहुत नाजुक हैं, और थोड़ी सी भी गड़बड़ी सरकार को गिरा सकती है...सहयोगियों को दूसरी तरफ मुड़ना पड़ सकता है। रायबरेली और वायनाड दोनों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गांधी ने कहा, यह विचार कि आप नफरत फैला सकते हैं, आप गुस्सा फैला सकते हैं और आप इसका लाभ उठा सकते हैं -भारतीय लोगों ने इस चुनाव में इसे खारिज कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा, यही कारण है कि गठबंधन संघर्ष करेगा, उन्होंने कहा कि क्योंकि 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी के लिए जिन चीजों ने काम किया वह काम नहीं कर रहा है। विपक्ष के इंडिया ब्लॉक ने एग्जिट पोल की भविष्यवाणी से काफी बेहतर प्रदर्शन किया।

## टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर दस्ते के दो नक्सली गिरफ्तार



**रांची ।** राजधानी की बुढ़मू थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तृति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर दिवाकर गंझु उर्फ प्रताप दस्ते के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बादल गंझू और प्रिंस जयसवाल शामिल हैं। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, दो गोली, एक मोबाइल और एक राउटर बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी संगठन के एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप दस्ते के सक्रिय सदस्य बादल गंझू सहित दो नक्सली बुढमू थानान्तर्गत उमेडण्डा गांव के शिव मंदिर के पास आये हुए हैं तथा लेवी के लिए कुछ लोगों को शिव मंदिर के पास बुला रहे हैं। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम जैसे ही उस स्थान पर पहुंची दोनों नक्सली मंदिर से उत्तर भागने लगे। दोनों को खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़ा गया बादल गंझू हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना, केरेडारी थाना एवं रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्रों में रंगदारी वसूलने, अवैध हथियार रखने एवं पुलिस बल पर हमला करने सहित कई मामलों में वांछित है। प्रिंस जायसवाल बुढ़मू थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में चाकू मारकर जख्मी कर लूटपाट करने एवं वर्ष 2023 में लूटपाट करने एवं लूट के सामान के साथ पकड़े जाने के कांड में आरोपित है।

**मारपीट का मामला**

## केजरीवाल से लंबी लड़ाई के मूड में स्वाति मालीवाल

- राहुल गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के नेताओं को लिखी चिट्ठी लिखी, मिलने का मांगा वक्त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर अपने साथ हुई मारपीट मामले में स्वाति मालीवाल ने राहुल गांधी और शरद पवार को चिट्ठी लिखकर मदद की गुहार लगाई है। मालीवाल ने विपक्षी इंडिया ब्लॉक के बाकी नेताओं को भी चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। स्वाति ने मंगलवार 18 जून को सोशल मीडिया पर राहुल और पवार को लिखा लेटर शेयर किया है। उन्होंने लिखा- मैंने पिछले 18 सालों से जमीन पे काम किया है। 9 सालों में दिल्ली महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की। मैंने बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके महिला आयोग को एक ऊंचे मुकाम पे खड़ा किया। हालांकि, बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर उनके पीए विभव कुमार द्वारा बुरी तरह पीटा गया। फिर मेरा चरित्र हनन किया गया। आज मैंने इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है।

## नीट में फ्रॉड करने वाला कोई डॉक्टर बना तो क्या होगा?

- एनटीए पर फिर भड़का सुप्रीम कोर्ट, नोटिस जारी कर मांगा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट-यूजी परीक्षा को लेकर छिड़े विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर से तीखी टिप्पणी की। अदालत ने एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि नीट परीक्षा में 0.001 फीसदी भी चूक हुई है या लापरवाही की गई है तो यह चिंता की बात है और उसकी विस्तार से जांच होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, परीक्षा कराने वाली एक एजेंसी के तौर पर आपको साफ-सुथरा रहना चाहिए। यदि कोई गलती है तो बताएं। यदि कोई गलती है तो फिर हम ऐक्शन लेंगे। कम से कम इससे आपके कामकाज में सुधार तो होगा। बेंच ने सरकार और एनटीए से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची ।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में राज्य की जनता को एक साथ कई तोहफे मिलने की उम्मीद है। बैठक में कृषि, उर्जा, महिला, बाल विकास सहित सड़क निर्माण की योजनाओं को मंजूरी मिलेगी। किसानों का दो लाख रुपये तक ऋण माफ हो सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है। 125 यूनिट के बजाए 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ हो सकता है। साथ ही महिलाओं को भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। एक निश्चित रकम उनके बैंक खाते में भेजने की योजना प्रारंभ की जायेगी।

## चार आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

**रांची ।** सरकार ने चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है. केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे क्रांति कुमार गाडिदेशी को दुमका जोनल आईजी बनाया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की दोपहर जारी की गयी है।

- क्रांति कुमार गाडिदेशी को दुमका जोनल आईजी बनाया गया।
- ऐ विजया लक्ष्मी को आईजी ट्रेनिंग बनाया गया.
- राकेश रंजन को कमांडेंट जैप 1 का बनाया गया.
- अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर एसपी बनाया गया.

## झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में कांग्रेस की बैठक 24 को

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक 24 जून को दिल्ली में होगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने मंगलवार को कहा कि झारखंड में चार माह के बाद विधानसभा का चुनाव है। राहुल गांधी का झारखंड से विशेष लगाव रहा है। इसलिए झारखंड में होने वाले चुनाव पर उनकी खास नजर है। लोकसभा चुनाव में झारखंड में मिली सफलता से उन्हें विश्वास है कि झारखंड में फिर से इंडिया खेमे की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। शांति ने कहा कि 24 जून को होने वाली बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में संपन्न होगी। इसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे। शांति ने कहा कि बैठक में विधानसभा चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक सीट के बारे में चर्चा होगी। साथ ही जनहित के मुद्दों पर आगामी चुनाव में जनता के बीच जाने, वर्तमान महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां को जनता के बीच पहुंचाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। इसके अलावा 2019 के चुनावी परिदृश्य और वर्तमान हालात पर चर्चा कर आगामी चुनाव के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। घोषणा पत्र सहित सारे समीकरणों, गठबंधन दलों के साथ संवाद और समन्वय की रणनीति पर चर्चा होगी।

## रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे 'कंचनजंगा' दुर्घटना की जांच

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, कहा- गहन जांच की जाएगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के रंगापानी में सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने शुरू कर दी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों के दोहराव को रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर रेल परिचालन बहाल करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अश्विनी वैष्णव ने सिलीगुड़ी में न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास रंगापानी में दुर्घटना स्थल पर संवाददाताओं से बातचीत की।



## सीआईएसएफ के जवान ने पत्नी की हत्या कर खुद कर ली आत्महत्या

**बोकारो।** पारिवारिक विवाद में सीआईएसएफ में कार्यरत पति संजीत मंडल द्वारा पत्नी विनीता मंडल को गला दबा के मारने का मामला प्रकाश में आया है। इसके बाद सीआईएएफ जवान ने भी खुद पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल, पुरूलिया के उरमा ग्राम निवासी संजीत मंडल की पोस्टिंग बंगाल के हल्दीया में थी। गत तीन दिनों से वो अपने परिवार के पास सेक्टर 8बी, स्ट्रीट-41 क्वाटर संख्या 2368 में आया हुआ था। सोमवार देर शाम पति पत्नी में विवाद हुआ जिसको लेकर दोनों में हाथापाई हुई। इस क्रम में पत्नी को चोट लगने के कारण बेहोश हो गई। संजीत सास ससुर के साथ अपनी पत्नी को इलाज के लिए बोकारो जनरल हॉस्पिटल अस्पताल ले गया परंतु इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई थी। उसी क्रम में मृतक संजीत रात 9 बजे के बाद बोकारो जनरल हॉस्पिटल से लापता हो गया। रातभर प्रशासन द्वारा उसे खोजबीन भी किया गया। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि सेक्टर 11डी, बीएसएल हाई स्कूल के पास एक 43 वर्ष व्यक्ति का शव स्कूल कैंपस के अंदर पेड़ से झूलता पाया गया है। पुलिस मौके पर पहुँचकर लाश को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त सीआईएसएफ जवान संजीत मंडल के रूप में किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

सिकल सेल एनीमिया
जागरूकता दिवस

सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जाँच कराएं

**सिकल सेल रोग क्या है?**
- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है.
- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता.
- परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं.
- जाँच जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है.
- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं.

**सिकल सेल एनीमिया के लक्षणः**
- एनीमिया/पीलापन दिखाई देना.
- बार-बार संक्रमण/बीमार होना.
- थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना.
- रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना.
- जोड़ों में दर्द या सूजन.
- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द.

**रोगी क्या नहीं करें :-**
- ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें.
- ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ.
- ज्यादा ठण्ड में बाहर जाने से बचें.
- समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें.

**बच्चों की देखभाल :-**
- बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें.
- स्कूल में शारीरिक श्रम/व्यायाम या भारी काम न करवाने की जानकारी शिक्षक को दें.
- कक्षा में पीड़ित बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें.
- शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें.

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
P. R. 326807 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

# दो भाईयो के बीच मारपीट, मुहल्ले के लोगो ने बीच बचाव किया

**रातू :** रातू उत्तरी पंचायत के विंध्यावासनी नगर में सोमवार को दो भाईयो के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें छोटे भाई के ससुराल वालो ने आकर बडे भाई पर हमला कर दिया।इसके बाद मुहल्ले वालो के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। दोनो भाईयो के बीच मारपीट के बाद मामला पंचायत पहुंचा जहां जिप अध्यक्ष निर्मला भगत की अगुवाई में दोनो भाईयो के बीच आपसी समझौता हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्वः विजय मिश्रा के दो बेटे निर्मल मिश्रा एवं चंदन मिश्रा है। इन दोनो के बीच लंबे समय से जमीन व मकान को लेकर विवाद चल रहा है। जिसे लेकर सोमवार को दोनो भाईयो के बीच मारपीट भी हुई। इसके बाद मुहल्ला के लोगो ने बीच बचाव करते हुए मंगलवार को पंचायत में बैठक कराई। बैठक में जिप अध्यक्ष निमार्ला भगत एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियो व विंध्यावासनी नगर के लोग शामिल हुए।

पंचायत में दोनो पक्षो की बात सुनने के बाद पंचायत ने निर्णय लिया कि निर्मल मिश्रा व चंदन मिश्रा के पिता ने अपनी मृत्यु से पहले ही दोनो भाईयो के बीच बंटवारा कर दिया था। जिसमें साफ साफ जिक्र था कि विंध्यावासनी नगर का मकान बडा भाई निर्मल मिश्रा के नाम था जबकि गोबिंदनगर का मकान छोटे भाई चंदन मिश्रा के नाम था। पंचो ने इसके अलावे भी कई निर्णय लिए जिसमें दोनो भाईयो ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। दोनो भाईयो ने स्वीकार किया कि आज के बाद दोनो भाई आपस में कोई झगडा नही करेगें। अगर फिर कोई झगडा हुआ या पंचायत के बातो की अवहेलना हुई तो सामाजिक दंड के भागी होगें। पंचायती में महेश्वरी देवी, राजीव मिश्रा, शशि सिंह सहित विंध्यावासनीनगर के लोग उपस्थित थे।

# टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, हथियार जब्त

**बुढ़मू :** बुढ़मू पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के सक्रिय सदस्य बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ निवासी बादल गंझू (20) और बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा निवासी प्रिंस जयसवाल (23) को एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली और दो मोबाइल के साथ सोमवार रात में उमेडंडा से गिरफ्तार किया. जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को सूचना मिली थी कि दो नक्सली उमेडंडा शिव मंदिर के पास लेवी वसूली के लिए आये हुए हहै और लेवी लेने के लिए कुछ लोगों को बुला रहे है।

उक्त सूचना के आलोक में डीएसपी खलारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर उमेडंडा शिव मंदिर के पास पहुंचे. पुलिस को देखकर बादल और प्रिंस भागने लगे जिसे पुलिस बल के सहयोग से हथियार और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया. बादल गंझू पर बड़कागांव, केरेडारी और पतरातु थाना क्षेत्र में रंगदारी वसूलने, अवैध हथियार रखने और पुलिस बल पर हमला करने सहित कई अन्य आरोपों में मामला दर्ज है वहीं प्रिंस जयसवाल पर बुढ़मू थाना में लूटपाट करने सहित अन्य आरोपों में मामला दर्ज है. छापामारी दल में डीएसपी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी रामजी कुमार, पुअनि संजीव कुमार, सअनि आशिष रंजन, रघुनंदन मंडल और संतोष दास शामिल है।

# डॉ आनन्द जगनाणी को लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड




**रांची :** पूर्वांचल मध्यकालीन आयुर्विज्ञान एवं राँची पेडिकॉन के सह आयोजन में राँची के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ आनन्द कुमार जगनाणी को उनकी अप्रतिम एवं निरन्तर सेवा के लिए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड (स्मृति चिह्न, प्रशस्तिपत्र एवं दुशाला) से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि डॉ जगनाणी ने रिम्स, राँची तत्कालीन आर.एम.सी.एच. से एम.बी.बी.एस. (आयुर्विज्ञान स्नातक) एवं राँची विश्वविद्यालय से शिशु रोग में स्नातकोत्तर किया है। उन्होनें झारखण्ड एवं तत्कालीन बिहार सरकार में भी अनवरत सेवा प्रदान किया है। वे महाविद्यालय में समर्पित एवं लोकप्रिय शिक्षक रहे हैं। उनकी ख्याति एवं नवजात शिशु चिकित्सा में रुचि उल्लेखनीय है। उन्होंने आई.ए.पी. के विभिन्न पदों पर समय-समय पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में वे एन.एन.एफ. (राँची शाखा) के अध्यक्ष हैं। उन्होंने स्थानीय, प्रादेशिक, आँचलिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्विज्ञान सम्मेलनों में व्याख्यान प्रस्तुत किया है। उनके कई आलेख भी प्रकाशित हुए हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उनको पायनियर एवं शिशु शिरोमणि विशेषज्ञ सम्मान से भी अलंकृत किया गया है। यह हर्ष का विषय है कि डॉ आनन्द कुमार जगनाणी को पुनः सम्मानित करते हुए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड प्रदान किया गया है।

# सिख पंथ के पंचम गुरु अर्जन देव के 418 वां शहादत दिवस पर शरबत वितरण

**इटकी :** इटकी मोड़ स्थित रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर सोमवार को सिख पंथ के पंचम गुरु अर्जन देव के 418 वां शहीद दिवस के मौके पर राहगीरोंके बीच शरबत (मीठा जल ) का वितरण किया गया। इसके पूर्व सिख समाज के लोगों ने गुरु गोविन्द कीआराधना करते हुए पंचम गुरु अर्जन देव की शहादत को याद किया और श्रदाजंलि अर्पित की। मौके पर डा० दिवाकर मिंज, सरदार बलविंदर सिंह, उर्मिला सिंह, गुरदीप सिंह, संत शीतल सिंह, मंदिर सिंह, अन्थोनी लकड़ा, इसेश शाही, पंचम महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेंन्द्र सिंह, सीमरणजीत सिंह सहित सिख समाज के अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -21-2024, (2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-20-2024, दिनांक: 14.06.2024।** मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या, कार्यों के नाम:** (1) बानो, मुरी, रांची, एचटीई और एलएडी में आरपीएफ पोस्ट का सुधार। (2) हटिया में मौजूदा ईस्ट सेंट्रल केबिन के पास यार्ड मास्टर और टीएनसी के कार्य स्थल के लिए नए सेवा भवन का निर्माण। (3) रांची डिवीजन के हटिया में मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री का विस्तार। (2) रांची डिवीजन के हटिया-ओरगा सेक्शन में रोबोटिक वेल्डिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करके सीएमएस क्रॉसिंग और टंग रेल की रीकंडीशनिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,56,56,308/- (क्रमांक 1 के लिए ) एवं ₹ 26,51,115.52 (क्रमांक 2 के लिए )। **बयाना राशि:** ₹ 2,28,300/-(क्रमांक 1 के लिए ) एवं ₹ 53,000/- (क्रमांक 2 के लिए )। **निविदा बंद होने तिथि और समय:** 10.07.2024 को 15.00 बजे (क्रमांक 1 के लिए) एवं 05.07.2024 को 15.00 बजे (क्रमांक 2 के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **(PR-271)**

## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-24-25-04, दिनांक 14.06.2024।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (1) मुरी स्टेशन पर 3 पीएफ लाइन में स्टेशन विकास के लिए गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। (2) रांची में 6 पीएफ लाइन नंबर 1, 1 ए, 2, 3, 4 और 5 में स्टेशन के विकास के लिए गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। (3) हटिया स्टेशन पर 5 पीएफ लाइन (निर्माणाधीन चरण- II में 4 और 5 सहित) में स्टेशन के विकास के लिए गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 10,13,572.67। **बयाना/बोली सुरक्षा:** ₹ 20,300 । **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.07.2024 को 15.00 बजे। निविदा विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। **(PR 265)**

## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: (1) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-बीएल-मुरी, (2) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-बीएल-आरएनसी, (3) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-बीएल-एचटीई, (4) ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सोलर-24,दिनांक 14.06.2024।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम संख्या, संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** (1) मुरी स्टेशन पर 3 नंबर पीएफ लाइन में स्टेशन के विकास के लिए गिट्टी रहित ट्रैक के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। (2) रांची स्टेशन पर स्टेशन विकास के लिए 6 पीएफ लाइन संख्या 1, 1ए, 2, 3, 4 और 5 में बैलास्ट रहित ट्रैक के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। (3) हटिया स्टेशन पर 5 पीएफ लाइन (निर्माणाधीन फेज-II में 4 और 5 सहित) में स्टेशन विकास के लिए बैलास्ट रहित ट्रैक के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। (4) रांची डिवीजन में सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 11,04,033.50 (क्रमांक 1 के लिए), ₹ 19,16,039.56 (क्रमांक 2 के लिए), ₹ 18,56,270.51 (क्रमांक 3 के लिए) एवं ₹ 1,49,32,085/- (क्रमांक 4 के लिए)। **बयाना राशि:** ₹ 22,100/- (क्रम संख्या 1 के लिए), ₹ 38,300/- (क्रम संख्या 2 के लिए), ₹ 37,100/- (क्रम संख्या 3 के लिए) एवं ₹ 2,24,700/- (क्रम संख्या 4 के लिए)।। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.07.2024 को 16.00 बजे (क्रमांक 1 के लिए), 08.07.2024 को 17.00 बजे (क्रमांक 2 के लिए) 05.07.2024 को 16.00 बजे (क्रमांक 3 के लिए) और 10.07.2024 को 17.00 बजे (क्रमांक 4 के लिए)।। **वेबसाइट विवरण: https://www.ireps.gov.in** । निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडर में भाग ले सकते हैं। **(PR-262)**

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**शुद्धि–पत्र**

पत्रांक–342 लातेहार, दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/ MID/ Latehar/F2-17/2023-24 (II[nd] call) जिना PR No. 3259 45 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e– निविदा खुलने की तिथि एवं समय –11-07-2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.326673 Water Resource(24-25):D

स्वच्छ रामगढ़। सुन्दर रामगढ़।। — आपकी भागीदारी हमारी जिम्मेदारी।।

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़ रामगढ़, झारखण्ड–825101

दूरभाष नं० :– 6553-295014 ई.मेल:–nagarparishadramgarh@gmail.com
वेबसाईट :–http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

पत्रांक संख्या..................न०प० दिनांक........./........../2024

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् द्वारा निकाले गए निविदा संख्या– NIT/RGH/NP/ 01/ 2024-25 जिसका PR No.- 325655 District (24-25):D के द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसमे अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन करते हुए निविदा प्रपत्र Online भरने की अंतिम तिथि – 24.06.2024 (अपराह्न 04:00 बजे) तक तथा निविदा खोलने की तिथि –25.06.2024 (अपराह्न 04:00 बजे) को निर्धारित किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़।

PR.NO.326776 District(24-25):D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)

**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)**

**e-procurement Notice**

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/02/2024-25 Date:- 12.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of weighbridge Room, Approach Road, with supply, installation and commissioning of weighbridge In District Lohardaga, Gumla, Palamu, Garhwa & Hazaribagh. |
| 02. | Estimated Value of work(IN Rs) | 2,15,89,230.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 4,31,800.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 06 Months |
| 06. | Date Of Publication on Website | 26.06.2023 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 10.07.2023 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 26.06.2024 at 11:00 AM to 10.07.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 10.07.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 11.07.2024

03. Estimate Cost May Vary.

04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
**State monitoring Officer**
ICDP Cell, Ranchi

PR 326711 Co-opretive(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट,जिला-रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई.मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का e-Tender Ref. No.- RCD/C RAMGARH/ 422/ 2024-25 दिनांक 06.06.2024 जो P.R No.- 325404 (Road)24-25(D) द्वारा आमंत्रित पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत IRQP Work of Rajrappa to Chitarpur Road from KM 0.00 to 1.80 under Road Division, Ramgarh for the year 2023-24 कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द् की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.326731 Road(24-25):D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 14.06.2024 को स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसका PR No.–326299 Drinking water & Sanitation (24-25) D. है, जिसमें निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

1. अति अल्पकालीन निविदा को अल्पकालीन निविदा पढ़ा जाए।
2. अग्रधन की राशि (रूपये में) – 1180100.00 (ग्यारह लाख अस्सी हजार एक सौ रूपये)
3. बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 24.06.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में।
4. निविदा के पूर्व बैठक की तिथि – 26.06.2024 को 12:30 बजे अपराह्न में।
5. बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय – 02.07.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.07.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।

कार्यपालक अभियंता

PR 326759 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

**एफ०–2 फार्म ऑफ कॉन्ट्रक्ट आधारित अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– RCD/RAMGARH/ 451 /2024-25 (2nd Call)
दिनांक :– 18-06-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work of Rajrappa to Chitarpur Road from KM 0.00 to 1.80 under Road Division, Ramgarh for the year 2023-24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रुपये 1,37,05,321/– (एक करोड सैंतीस लाख पॉच हजार तीन सौ एकीस) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 60(साठ) दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 21/06/2024 10:30 बजे पूर्वाह्न् |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 01/07/2024 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता , पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2403007 |

- निविदा की अन्य शर्ते वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in**
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को यूकैन से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट बढ़ सकती है।
- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
- **Cost of bidding document (Non-refundable fee) & Bid Security as indicated shall be payable online through** http://jharkhandtenders.gov.in.

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, रामगढ़

PR 326732 (Road) 24-25 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

Un-Tied मद अन्तर्गत

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक 25.06.24 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :–दिनांक 26.06.24 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 26.06.24 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगड़ी | Construction of Drain & PCC from Chandni Chowk to Swati Nest at Piska Nagri | 47,55,500.00 | 95,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :–

1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR.NO.326728 NREP(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–08/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Office of the Additional Director, Mines (Khanij Nagar Area) at Doranda, Ranchi for the Year 2024-25 | 4601543.00 | 92100.00 | 5000.00 | Three Months |

**नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।**

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 326409 Building(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–07/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Building a G ym on Ground Floor Parking Lot at JPSC Office, Ranchi | 3461900.00 | 69300.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 326408 Building(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या:– **10/RII/2023-24/RWD/KHUNTI,** दिनांक– **18.06.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.योजना का नाम:–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-07/ 2023-24 | खूँटी | 1. L033- रेवा से मान्हु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.052 कि०मी०) | 10,97,57,200.00 (दस करोड़ संतानबे लाख संतावन हजार दो सौ रू० मात्र।) | 21,96,000.00 (इक्कीस लाख छयानबे हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | तृतीय। |
| | | खूँटी | 2. L056-T04 से डबगमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.000 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 3. L037- चुकरू से अक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.400 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 4. L028- बाँधटोली से सागाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 1.600 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 5. बरकॉरगी हेसाग से फुदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.100 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 6. कालामाटी से सफायर स्कूल भाया डुँगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.150 कि०मी०) | | | | |
| 2 | RWD-KHU-STPKG-08/ 2023-24 | खूँटी | 1. टोटादाग से पिरीहातु भाया पतराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.200 कि०मी०) | 12,90,78,700.00 (बारह करोड़ नब्बे लाख अठहत्तर हजार सात सौ रू० मात्र।) | 25,82,000.00 (पच्चीस लाख बिरासी हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | तृतीय। |
| | | खूँटी | 2. L023 लांदुप से बान्डीह पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.960 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 3. बेलाहाथी से खूँटी पुलीस लाईन तक पहुँच पथ का का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2. 200 कि०मी०) | | | | |
| | | तोरपा | 4. तोरपा (दियांकेल) से सरनाटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.750 कि०मी०) | | | | |
| | | तोरपा | 5. केतारी मोड़ से सोनपुरगढ़ पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–10.790 कि०मी०) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 24.06.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.07.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 326733 Rural Work Department(24-25)#D

## संक्षिप्त

### 106 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

**रांची :** नासे रोग हरे सब पीडा जो सुमीरो हनुमत बलबीरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 106 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 106 वा कार्यक्रम आज भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। राजेश जयसवाल अपनी धर्मपत्नी रेशम जायसवाल ने परिवार के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की।

# अफीम डोडा लदे ट्रक को गुप्त सूचना पर छापेमारी कर जब्त किया



**रांची :** बीते रात्रि में वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थाना अन्तर्गत सरवल से तुजू जाने वाली सडक से 01 कि०मी० की दुरी पर स्थित जंगल झाड़ी वाले क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ट्रक में अफीम होडा लोड करवाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु०) प्रथम, रॉची के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सरवल चौक से करीब 01 कि०मी० पश्चिम दिशा में अवस्थित जगल-झाडी क्षेत्र में छापामारी की गयी। पुलिस वाहन को देख कर व रात्रि के अंधेरे तथा जंगल-झाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर ट्रक चालक एवं वाहन में अफीम डोडा लोड करने वाले व्यक्ति भाग गये। छापामारी दल द्वारा वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर 12 चक्का ट्रक सं०-फ्ख19ऋ्ड-5246 पर प्लास्टिक के बोरे में अफीम डोडा लोड पाया गया है। ट्रक के केबिन की जाँच करने पर राजस्थान के जोधपुर जिला से पंजिकृत उक्त वाहन का पंजीकरण दस्तावेज पाया गया, जिसमें वाहन मालिक का नाम मादा राम, पिता भनवारू राम सा० तलिया नोसार ओसियों जिला जोधपुर राजस्थान अंकित है। उक्त वाहन को विधिवत जप्त किया गया है। अग्रत्तर जाँच के क्रम में छापामारी दल को यह स्पष्ट हुआ कि अफीम डोडा के खरीद-बिक्री/ व्यापार, परिवहन एवं भंडारण में स्थानीय व्यक्तियों के अतिरिक्त राजस्थान का अन्तर्राज्यीय गिरोह शामिल है। उक्त घटनाक्रम का नामकुम थाना में प्राथमिकी सं0-232/24, दि0-18.06.2024, धारा-15(C)/18(b)/22(c)/25/28 NDPS Act. दर्ज कर कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया है तथा अफीम डोडा के अवैध कारोबार में संलिप्त संजाल (Nexus) को ज्ञात करने के बिन्दु पर गहन अनुसंधान किया जा रहा है। घटना में संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (नगडी, राँची) में मिशन हरियाली का उद्घाटन




**पिस्का नगड़ी :** केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (नगडी, राँची) में मंगलवार को संस्थान का 60वाँ स्थापना दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री, भारत सरकार श्री संजय सेठ द्वारा मिशन ग्रीनरी के तहत 1 लाख खाद्य पौधों अर्जुन, आसन और जरूल के नर्सरी को शामिल करके राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आजीविका के अवसरों के लिए मिशन हरियाली का उद्घाटन किया गया इसी कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव, पी.शिवकुमार ने कहा कि हम लोग तसर किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हम लोग तसर किसानों को हर तरह से मदद करेंगे ताकि उनको कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि रोड के दोनों किनारे आसन एवं अर्जुन के पौधे लगाये जाएं ताकि उन पौधे पर हमारे तसर किसान रेशम की खेती कर सकें। इस अवसर पर धीरेन्द्र कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि हम तसर की खेती के साथ-साथ धागाकरण एवं बुनाई का कार्य भी करें ताकि किसानों को अधिक-से-अधिक लाभ मिल सके। संस्थान के निदेशक डॉ.एन.बी.चौघरी ने अपने सम्बोधन में कहा हमने अर्जुन एवं आसन के 1 लाख नर्सरी तैयार कर तसर रेशम की खेती कर रहे भारत के विभिन्न राज्यों को भेजा। इस अवसर पर इस संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे केन्द्रीय रेशम बोर्ड (भारत के उत्तर, मध्य और पूर्वोत्तर क्षेत्र से) के नव-नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी भी मौजूद थे एवं उन्होंने भी इस चर्चा का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जे.पी.पाण्डेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सिद्धकी ने किया।

## बुढ़मू में महिलाओं ने खाली बर्तन के साथ पानी की समस्या को लेकर धरना दिया

**बुढ़मू :** प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर कनाडिह गांव के बच्चे, बुढ़े एवं महिलाओं ने खाली बर्तन के साथ पानी की समस्या को लेकर धरने पर बैठे।

मक्का पंचायत के कनाडिह गांव के बच्चे, बुढ़े एवं महिलाओं ने खाली बर्तन के साथ पदयात्रा करते हुए बुढ़मू प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को धरने पर बैठ गए। और स्लोगन पट में लिखा हमें कब-तक गंदा पानी पिना होगा, बच्चे प्यासे हैं कहां से लाये पानी, खाना कैसे पकाएं पानी नहीं है, ऐसे अन्य स्लोगन के साथ मायूसी में बैठे हैं ग्रामीण। जानकारी के अनुसार अभी 38 और 40 डीग्री वाली चिलचिलाती धूप में आधा किलोमीटर दूर से पानी लाकर खाना पकाना, स्नान करना, मवेशियों को पानी देना और बच्चों सहित परिवार के कपड़े धोने के लिए कनाडिह गांव में प्रयाप्त पानी की व्यवस्था नहीं है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण वर्षो से मांग करते आ रहे हैं कि सरकार हमें पानी की व्यवस्था करें। लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हुई। मजबूरन ग्रामीण बच्चों समेत प्रखंड कार्यालय के द्वार में आकर धरने पर बैठ गए। वहीं ग्रामीणों के मांग अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार ग्रामीणों से मिले और खराब चापाकल को बनवाने के लिए मिस्त्री भेजने की बात कही साथ ही कनाडिह गांव आज ही जाकर पीएचडी विभाग को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने को कहा।

## ईईएफ फैक्ट्री को बचाने जरूरी : उमेश बड़ाईक



**रांची :** टाटीसिलवे के चतरा पंचायत में सोहन मुंडा की अध्यक्षता में मंगलवार को ईईएफ फैक्ट्री को बचाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने बताया कि ईईएफ फैक्ट्री के निर्माण के दौरान टाटीसिलवे के 3 पंचायत के लोगों की जमीन ली गई थी। लोगों को जमीन लेने के दौरान बताया गया था कि फैक्ट्री शुरू होते ही स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

साथ ही फैक्ट्री किसी कारण बंद होती है तो उन्हें उनका जमीन वापस किया जाएगा। लेकिन पिछले 25 सालों से ईईएफ फैक्ट्री बंद पड़ी है। आसपास के लोग राजधानी मजदूरी करने जाते है। उन्होंने कहा कि जल्द फैक्ट्री को दोबारा खोला जाएं। नहीं तो जिन लोगों की जमीन फैक्ट्री के निर्माण में गई है उन्हें उनका जमीन लौटाया जाएं। वह इस जमीन पर खेती-बाड़ी करेंगे।

बीसा पंचायत की पूर्व मुखिया सुषमा देवी ने कहा कि बैठक में मोर्चा का नामकरण किया गया है। टाटीसिलवे के लोग झारखंड विस्थापित एवं न्याय समिति के बैनर तले संघर्ष की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ईईएफ फैक्ट्री में बड़ी संख्या में बिजली ट्रांसफार्मर का निर्माण होता था, अब बंद है।

बैठक में संतोष महतो, मोहरो महतो, रूपेश महतो, महावीर महतो, अयज महतो, दुर्गा पहान, अमित कुमार मिश्रा, संतोष बड़ाईक, अजय कुमर सिंह, महेश बेदिया, रविशंकर महतो, शांति देवी, रोणा देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित थे।

## नगड़ी में मंदिर का जिर्णोद्धार कर नया मंदिर का निर्माण का प्रस्ताव



**पिस्का नगडी :** प्रखंड के चेकपोस्ट स्थित मंदिर का जिर्णोद्धार कर नया मंदिर का निर्माण किया जाय। उक्त निर्णय सोमवार को यहां के ग्रामीणों ने एक बैठक कर लिया। न्य समता पूजा समिति, चेकपोस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक का नेतृत्व मूलचंद कुमार मेहता, कैलाश महतो, सुरेश महतो, सागर महतो और राजेश महतो के द्वारा किया गया। बैठक में बतलाया गया कि इस मंदिर का निर्माण लगभग पचास वर्ष पूर्व किया गया था उस समय तत्कालीन ग्रामीणों ने किया था तब यह क्षेत्र के श्रेष्ठ मंदिरों में इसकी गिनती होती थी। अभी इस मन्दिर का जिर्णोद्धार कराना जरूरी है।बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जाय। काम आरंभ करने के लिए लोगों ने लाखों रुपए और सामग्री की घोषणा कर दी। निर्णय लिया गया की मंदिर निर्माण समिति का गठन शीघ्र किया जाय। बैठक की अध्यक्षता केदार महतो, मंच संचालन संदीप राज और धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश केशरी ने किया। बैठक में राजेंद्र महतो, द्वारिका नाथ केशरी, प्रेम सागर महतो, केशव कुमार भगत, सत्यनारायण महतो, त्रिलोकी नाथ साहू, केदार भगत, बालेश्वर केशरी, चंद्र देव महतो, दिनेश महतो, महावीर महतो, डॉ पंकज राज, बालकरण महतो, कमलेश केशरी (आकर्षण), रवि कुमार केशरी, ईश्वर महतो, अनुज मेहता, रोहित साहू, शंकर महतो, आनंद महतो, जलेश्वर महतो, भोला कुमार, पुरुषोत्तम केशरी, गणेश महतो, तपोश महतो, संतोष कुमार, गंगोत्री देवी, राहुल कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P. R. 326817 (IPRD) 24-25

## रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की आम सभा 22 जून को

**रामगढ़।** रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की आम सभा आगामी 22 जून को चैंबर भवन में आयोजित की गई है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स के मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि 14 जून को कार्यकारिणी सदस्यों एवं उप समिति के सभापतियों की बैठक में सर्व समिति से पारित प्रस्ताव के अनुसार 31वीं वार्षिक आम सभा की तिथि 23 जून को रखी गई थी। लेकिन तिथि में बदलाव करते हुए इसे 22 जून शनिवार को निर्धारित की गई है।

## गोला प्रखंड क्षेत्र में तीन पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

### लोगों के बीच बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता - सुनीता चौधरी



**गोला।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुनीता चौधरी ने मंगलवार को डीएमएफटी मद से गोला प्रखंड अंतर्गत पतरातू गांव में दो पीसीसी पथ और नावाडीह गांव में एक पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वंगीण विकास करना हमारी प्राथमिकता है। इसी के तहत गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आगे भी विकास कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा। इससे पूर्व ग्रामीणों महिलाओं ने फूल माला पहनाकर विधायक सुनीता चौधरी का जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम में समाजसेवी चंदर महतो, आजसू पार्टी की महिला नेत्री सरिता देवी, ममता सोनी, प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, पूर्वी जोन के अध्यक्ष शरद त्रिपाठी, सुधीर कोटवार, किशोर महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## छात्र के निधन पर एसएस प्लस टू हाई स्कूल में शोकसभा का हुआ आयोजन



**गोला।** गोला स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल के छात्र एवं प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष राम बिनय महतो के कनिष्ठ पुत्र सुदेश कुमार महतो (बबलू कुमार) का विगत 12 जून को लू लगने से निधन हो गया था। छात्र के निधन पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुपा पुष्पा तिर्की, शिक्षक शिव प्रकाश सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## होल्डिंग टैक्स कम करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर नप कार्यालय में किया धरना-प्रदर्शन



**रामगढ़।** होल्डिंग टैक्स 60 प्रतिशत कम करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर दर्जनों महिला-पुरुषों ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय के समक्ष जमकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रवि कुमार ने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि होल्डिंग टैक्स बढ़ोत्तरी को कम नहीं किये जाने पर कार्यालय में तालाबंदी किया जाएगा। वहीं धरना के बाद नगर परिषद कायालय में ग्रामीणों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने भी ग्रामीणों का समर्थन किया। उन्होंने नगर परिषद के पदाधिकारियों से लोगों को सुविधा मुहैया कराने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि नगर परिषद में अधिकाशंत- ऐसे वार्ड हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में लोगों द्वारा विभाग को होल्डिंग टैक्स देना मुश्किल का काम है। वहीं, धरना के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हमारी मुख्य मांगें होल्डिंग टैक्स 60 प्रतिशत कम करना, विकलांग, विधवा महिला, वृद्धापेंशन धारियों के होल्डिंग टैक्स माफ करने एवं किसानों को सुविधा मुहैया कराने, होल्डिंग टैक्स का पैसा ग्रामसभा द्वारा पारित परियोजना में खर्च करने, नगर परिषद क्षेत्र में सरकारी काम सड़क, नाली, तालाब निर्माण में स्थानीय लोगों को रोजगार देने, किसानों के लिए फसल बीमा, सस्ती दर पर बीज, कृषि सामाग्री का लाभ देने सहित कई मांगें शामिल हैं।

**होल्डिंग टैक्स से जनता परेशान, नगर परिषद लोगों को सुविधा मुहैया कराए - सुनीता चौधरी**

### धरना प्रदर्शन में ये थे शामिल

धरना-प्रदर्शन में संजय बनारसी, नीरज मंडल, राजेश महतो, विशेश्वर बेदिया, श्रवण हेम्ब्रम, फूलचंद सोरेन, वीरू मुंडा, राहुल रंजन, सूरज कुमार, नंदू महतो, फूलकुमारी देवी, कविता देवी, प्रियंका देवी, रेशमी देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, बहामुनि देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, कौशल्या देवी, संजोती देवी, आशा देवी, निराशो देवी, ओहिला देवी, जशोदा देवी, धनेश्वरी देवी, पूनम देवी उर्मिला देवी, गणेश बेदिया, धर्मेंद्र बेदिया, , सूरजदेव बेसरा, जेठु मांझी, मनीष बेदिया, बहाराम बेसरा, अनिल बेदिया, , संजय बेदिया सहित दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल थे।

# मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा के रक्तदान शिविर में 92 लोगों ने किया रक्तदान, डीसी चंदन कुमार हुए शामिल

## जरूरतमंद लोगों के लिए करें रक्तदान, ताकि उनको समय पर बचाया जा सके : डीसी






**रामगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 14 से 30 जून तक पूरे देश में रक्तदान पखवाड़ा मना रहा है। इसी रक्तदान पखवाड़ा के तहत मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा एवं चेतना शाखा के संयुक्त तत्वाधान में शहर के गोला रोड में स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीसी चंदन कुमार, गोविंद मेवाड़ एवं शाखा के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसीपुर डीसी के आगमन पर गोविंद मेवाड़ ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान शिविर में रामगढ़ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक टीम ने रक्तदान शिविर में योगदान दिया। मंच संचालन राहुल जैन ने किया गया। मौके पर डीसी चंदन कुमार ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में बढ़-चढ़कर समाज सेवा के क्षेत्र में काम करता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर लोगों का जान बचाया जा सकता है। कहा कि सभी लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को उनका रक्त काम आ सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है एवं वह खुद समय समय पर रक्तदान करते रहते है।

### 31000 यूनिट रक्त संग्रह करने का है लक्ष्य

मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा एवं चेतना शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं अन्नू खंडेलवाल ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में 14 से 30 जून तक रक्तदान पखवाड़े का आयोजन कर रहा है एवं पूरे देश में 31000 यूनिट रक्त संग्रह करने का हमारा लक्ष्य है। इसी के तहत मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 92 लोगों ने रक्तदान किया है। कहा कि शिविर में मंच के सदस्यों के अलावा शहर के कई युवाओं ने रक्तदान किया। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा समय-समय पर समाज हित के लिए कई तरह के कार्य किए जाते हैं, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक को इस कार्य से मदद मिल सके। इसी क्रम में इस बढ़ती गर्मी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीज को सही समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और रक्त की कमी के कारण किसी भी मरीज की मृत्यु ना हो।

### शिविर को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अन्नू खंडेलवाल, सचिव धीरज बंसल, प्राची चौधरी, कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, शैली अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल, मंच संचालक राहुल जैन सहित पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, आशीष मेमानी, विजय खंडेलवाल, शरद चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, संतोष गोकुलका, नीतेश बेरलीया, पंकज अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, उज्जवल बेरलीया, आशुतोष बेरलीया, नरेश अग्रवाल, अमन बौंदिया, निखिल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजन नेहा सूरज अग्रवाल, मिलि अग्रवाल, रवि अग्रवाल, नीतेश बेरलिया, राहुल अग्रवाल, संतोष गोकुलका, उज्जवल बेरलिया आदि का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की हुई बैठक, शाखा कमेटी का हुआ गठन

**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक मंगलवार को क्षेत्रीय कार्यालय सेंट्रल सौन्दा में किया गया। इसकी अध्यक्षता एसएन प्रसाद ने की। बैठक में यूनियन के बिरसा परियोजना शाखा के लिए शाखा कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, तारा प्रसाद को उपाध्यक्ष, तेज नारायण सिंह को सचिव, प्रभास मोदक को सह सचिव, गोविंद महतो को कोषाध्यक्ष तथा अमित कुमार को प्रभारी नियुक्त किया गया। मौके पर नवर्निवाचित पदाधिकारियों को यनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र सिंह ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बैठक में यनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र सिंह, मोतीलाल सिंह, बिमल बिहारी श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, नौशाद हुसैन, राजेश कुमार सिंह, राम कैलाश शर्मा, तारा प्रसाद, प्रेम कुमार पासवान, ओमप्रकाश एवं सभी नवर्निवाचित पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-टू को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### स्वच्छ जीवन के लिए स्वच्छता की शुरुआत सभी अपने-अपने घरों से करें : चंदन कुमार




**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 रामगढ़ अंतर्गत जिला स्तरीय ठोस एवं तरल कचड़ा प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक हुआ समापन। कार्यशाला में कचड़ा (अपशिष्ट) प्रबंधन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध स्वच्छता विशेषज्ञों ने अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यशाला में संबोधित किया। कार्यशाला में दो महत्वपूर्ण पैनल चर्चाएं हुई, जिनके विषय थे पहला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, दूसरा तरल अपशिष्ट प्रबंधन। जिसमें समुदायों के बीच व्यवहार परिवर्तन प्राप्त करने के लिए आवश्यक ठोस प्रयास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

**चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीक अपनाने की जरूरत :** कार्यशाला के दौरान डीसी चंदन कुमार ने उपस्थित सभी सदस्यों को स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्होंने स्वच्छता और सफाई बनाए रखने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर भी जोर देने की बात कहा साथ ही उन्होंने अभिनव समाधानों और सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्र को स्वच्छ करने की अपील की। उन्होंने स्वच्छता कवरेज और ग्रामीण अपशिष्ट प्रबंधन में चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों और तरीकों को अपनाने पर जोर दिया।

**स्वच्छ भारत को साकार करने के लिए सभी को कर रहा है प्रयास :** कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कहा कि प्लास्टिक उत्पाद ग्रामीण इलाकों में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती के रूप में उभरा है। इस कारण प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को एक महत्वपूर्ण मानदंड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे।

**कार्यशाला में दी गई जानकारी :** कार्यशाला में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि संजय कुमार पांडेय और दिग्विजय कुमार ने भाग लिया तथा कचरे से होने वाली बीमारियों कचरा प्रबंधन व ऊर्जा संरक्षण पर जानकारी दिया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें व इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए, खाने में पोषक तत्व शामिल करने आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई और जिला स्तरीय स्वच्छता पहल के लिए मूल्यवान संदर्भ और मार्गदर्शन प्रदान किया।

**कार्यशाला में ये थे उपस्थित :** कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार, अनुरोध अग्रवाल, प्रखंड समन्वय रंजीत कुमार, ओमनाथ महतो, सुषमा कुमारी, रंजीत साव, अजय महतो सोशल मोबिलाइजर इकबाल अहमद, अरुण सिंह, जनार्दन मुंडा, चयनित 10 पंचायत चोकाद, मगनपुर, भुचुंगडीह, बड़कीपोना, हेसागढ़ा, टोपा, उसरा, इचातु, भुरकुंडा तथा देवरिया के मुखिया तथा जलसहिया, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कनीय अभियंता सहित सभी जल सहिया उपस्थित थे।

## चुटूपालू घाटी में खड़ी दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत



**रामगढ़।** रांची-पटना मुखमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी गढ़के मोड़ के पास एक बार फिर सड़क हादसे में ट्रक चालक की जान चली गई। हादसे के बाद रांची से रामगढ़ आने वाली मार्ग जाम हो गई। घातक सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क किनारे से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य रूप से चालू हो गई।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात चुटूपालू घाटी गढ़के मोड़ के पास पहले से खड़ी दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर में ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे ट्रक ड्राइवर की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए। चालक ट्रक के केविन में फंसा रहा। जिसे घंटो कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर सौरव कुमार ठाकुर ने बताया कि दुर्घटना में चालक की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि सड़क पर बिखरे सामानों को हटवा कर आवागमन को चालू कराया गया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सुशीला देवी हत्याकांड का पांचवा आरोपी गिरफ्तार, एसपी ने दी जानकारी

**रामगढ़।** शहर के पतरातू बस्ती स्थित विद्यानगर में सेवानिवृत रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में घुस कर उनकी पत्नी सुशीला प्रसाद की हत्या कर नकदी एवं आभूषण लूट-पाट कर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से घर में अगजनी कर सनसनी खेज घटना को अंजाम देने के मामले में पांचवा आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी की गिरफ्तारी एसआईटी ने गढ़वा से किया है। साथ ही लूटे गये सामान की भी बरामदगी की है। उक्त मामले की जानकारी मंगलवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को दिया है।

## आजसू पार्टी की बैठक में केंद्रीय कमेटी के निर्देशों को धरातल पर लाने की हुई चर्चा

### बड़कागांव, रामगढ़ और मांडू में बड़ी जीत दर्ज करेगी आजसू : डॉ. देवशरण भगत






**रामगढ़।** आजसू पार्टी की बैठक मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन प्रधान सचिव अनुज तिवारी ने की। जबकि, बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह, विजय कुमार साहू व मांडू विधानसभा के प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में 16 जून को केंद्रीय कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में जिला कमेटी की बैठक रखी गई थी। केंद्रीय अध्यक्ष के द्वारा जो निर्णय लिया गया था उस निर्णय से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। बैठक संबोधित करते हुए डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आने वाला 2024 का विधानसभा चुनाव में रामगढ़ जिला में पड़ने वाले तीन विधानसभा, बड़कागांव, रामगढ़ और मांडू में पार्टी बहुत बड़ी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता के बल पर तीनो विधानसभा में जीत का परचम लहरायेंगे। केंद्रीय कमेटी के द्वारा जो आने वाला समय संगठन आंदोलन का जो रूप रेखा तैयार किया गया है। उसे बूथ स्तर तक ले जाने का काम संगठन का है।

### पार्टी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं - दिलीप

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि पार्टी के निर्देशों को हम सभी कार्यकर्ता पालन करेंगे और सुदेश जी के विचारो को घर घर तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधान सभा में जो विकास हुआ है उसी तरह से आने वाला समय में जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो बड़कागांव और मांडू विधानसभा का भी विकास करेंगे। वही, तिवारी महतो ने कहा कि मैं आने वाला विधान सभा चुनाव तक मांडू विधान सभा में रात दिन जनता के बीच रह कर जनता का आशीर्वाद लूंगा।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में पार्टी के महासचिव संजय रंजन सिंह, महासचिव विजय कुमार साहू, तिवारी महतो, अनुज तिवारी, लालचंद महतो, संजय यादव, हेमलाल महतो, गोविंद मुंडा, मनोज महतो, नीतीश निराला, दियासागर प्रसाद, धर्मेंद्र साव भोपाली, वीरु सिंह, पंकज कुमार दांगी, विभन सिंह, पवन करमाली, रिंकू करमाली, जेठू महतो, मोहरलाल महतो, मदन महतो, छोटू पटेल, नरेश महतो, तेजनाथ महतो, मनीष अमर, बालकृष्ण औहदर, दिलीप कुमार महतो, सुरेश कुमार पटेल, पंकज कुमार, बलराम महतो, हरेश कुमार राय, ललन कुमार सिंह, उदय कुमार पांडेय, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, अभिमन्यु कुशवाहा, मुन्ना प्रसाद, कुलदीप वर्मा, गुडु सिंह, पवन कुमार यादव, प्रसादी यादव, जीता मिश्रा, संजय बनारसी, उत्तम कुमार पासवान, भानुप्रकाश महतो, दिवाकर नायक, नित्यानंद महतो, अंगद महतो, मुन्ना कुशवाहा, नन्दू महतो, गणेश महतो, लेखराज महतो, रंजीत महतो, विश्व रंजन सिन्हा, हेमलाल महतो, सरिता देवी, सुशीला महतो, देवांती देवी, मीरा देवी, लाजवंती देवी, आशा महतो, अनुपमा सिंह, रीना साह, किशुन राम मुंडा, लालचंद महतो, संजय यादव, देवा महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लेना होगा संकल्प: रिया सिंह

## जाम की समस्या को ले शीघ्र होगी बैठक, चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** ग्रीन तिलैया क्लीन तिलैया व शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ साथ जाम की समस्या से निदान के लिए यत्र तत्र वाहनों को नहीं खड़ा करने का संकल्प लेना होगा। तभी समस्या से निजात मिल पाएगी। उक्त बातें एसडीओ रिया सिंह ने विशेष बातचीत में कही। उन्होंने कहा की प्रशासन की प्राथमिकता है की, लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।इसके लिए नगर परिषद, पुलिस प्रशासन के सहयोग से जाम और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। एसडीओ ने बताया की डी सी के मार्गदर्शन के बाद शहर के व्यवसायियों और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा की शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। आगे कहा की शहर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड़, झंडा चौक तथा ब्लॉक रोड़ के मुहाने तक रोड़ के दोनो साइड ठेले एवं फुटपाथ पर बैठने वाले लोगों से



अपील की की वे सब्जी बाजार एवं प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर हीं दुकान लगाएं ताकि आवागमन में लोगों को असुविधा ना हो। बताते चलें की इन दिनों चिलचिलाती धूप की वजह से लोग दिन भर अपने दैनिक कार्यो को देर शाम के बाद हीं निपटा रहे हैं। इस वजह से संध्या 5ः30 के बाद से पूर्णिमा टॉकीज से झंडा चौक और झण्डा चौक से ओवर ब्रिज तक घंटों जाम की स्थिति उत्तपन्न हो जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस सम्बंध में झुमरी तिलैया नगर प्रशासन ने हर्षवर्धन ने बताया की पुलिस अधीक्षक के सहयोग से और डीएसपी के नेतृत्व में शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान 1,2 दिनों में शुरु किया जाएगा। उन्होंने बताया की ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जहां पर लोग अपने वाहन को खड़ा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा की गांधी स्कूल के समीप, गौशाला रोड स्थित गोवर्धन तालाब एवं ब्लॉक के समीप चिल्ड्रन पार्क के पास लगभग 2 करोड़ के लागत से अलग अलग वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसकी स्वीकृति नगर विकास विभाग से मिल चुकी है। और डीपीआर बनाया जा रहा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा की सरकारी बस स्टैंड में सब्जी और फल वाले को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जहां पर बैठ कर सामग्रियों की बिक्री वो कर सकते हैं। यहां बोरिंग कराई गई है और पानी के साथ साथ शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दूसरी ओर रेलवे बाईपास के रास्ते फोर लेन बनाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में रेलवे के द्वारा ओवरब्रिज के समीप रेलवे का गटर लगाने का कार्य कल पूरा कर लिया गया, एक और गटर लगाया जाएगा। गटर लगाने के समय ट्रेनों का परिचालन पर ब्रेक लगा दिया जा रहा है। और लगभग 1 से 2 घंटे तक कोडरमा गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन पर भी ब्लाक लिया जाता है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उत्तम कुमार दास पाल के आकस्मिक निधन पर जिले में शोक की लहर



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाज सेवी उत्तम कुमार दास पाल के आकस्मिक निधन पर जिले में शोक की लहर है। ज्ञात हो कि सोमवार की रात्रि वह अकेले घर पर थे जहां गिरने से सर पर एवं नाक पर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण दसपाल का दुखद निधन हुआ। श्री दसपाल के निधन पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा , राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ,वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र जैसवाल अनवारूल हक,झामुमो नेता श्यामदेव यादव, दीपक विश्वकर्मा,माले नेता संदीप कुमार असीम सरकार विजय पासवान विनोद विश्वकर्मा,गणेश स्वर्णकार, कांग्रेसजिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, उमेश साव,समाजसेवी प्रेम पांडेय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह,संजय डब्लू, विपिन सिंहा,सहूद खान, प्रभात कुमार राम, खेल प्रेमी सूरज कुमार,आशीष पांडे ,अरविंद सेठ, विकास सिंहा,सहित समाजसेवी अनूप सरकार, निवर्तमान पार्षद अनुराग सिंह मुन्ना, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अरशद खान,छवि विश्वास, नंद कुमार राय अशोक सिंह, रामानंद यादव,प्रकाश यादव, मोनू यादव, राजीव रंजन शुक्ला,संजय सेठ, अरुण यादव, नवनीत ओझा, धीरज कुमार, संजय शर्मा सहित नगर के सम्मानित जनों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। मालूम हो कि श्री दासपाल कांग्रेस के पूर्व युवा अध्यक्ष सहित कई पदों पर कांग्रेस पार्टी की निस्वार्थ सेवा किया है जबकि बेलाटांड़ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, नेताजी जन्मोत्सव समिति के कोषाध्यक्ष, बंगाली समाज के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रिंस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहकर समाज सेवा से जुड़े रहे हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने श्री दसपाल के निधन को कांग्रेस सहित कोडरमा जिला के लिए आपूर्णीय क्षति बताया है।

## मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा** झारखंड शिक्षा परियोजना कोडरमा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन समाहरणालय सभागार में हुआ। समारोह में उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप लोगों ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किये, उसी प्रकार से आगे भी बेहतर प्रदर्शन करें और अपने उज्जवल भविष्य बनायें। कड़ी मेहनत कर आप लोग अपने लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान सवाल - जवाब करने की जिज्ञासा रखें और किसी भी विषय में समस्या होने पर अध्यापक से पूछे। यह आपके लिए



काफी मददगार होगा। उपायुक्त ने बताया कि कुछ विद्यालय में ऑनलाइन क्लासेस की व्यवस्था की गयी है, जिसमें विज्ञान संकाय के बच्चे पढ़ सकते हैं और प्रतियोगिता परीक्षा टीभी तैयारी कर सकते हैं। नीट, जेईई-मेन की तैयारी कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में क्लासेस चल रही हैं, उन विद्यालय के बच्चे नियमित रूप से ऑनलाइन क्लासेस करें। विषय की महत्ता को समझें और उसपर फोकस करें। उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों से अपील कि बच्चे अपने भविष्य या केरियर के लिए कुछ करना चाहते हैं तो उनका साथ दे और उनका उज्जवल भविष्य संवारें।

वन से 10 रैंक तक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया

उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में वन से 10 रैंक तक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें से मैट्रिक अर्थात वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में वन से 10 तक रैंक लाने वाले 17 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 अंतर्गत विज्ञान संकाय से 23, वाणिज्य संकाय से 11 और कला संकाय से 11 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार का धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ। मंच का संचालन एडीपीओ शिव मल्लिक द्वारा किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार समेत छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## झुमरी तलैया धर्म नगरी में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया-ज्ञात हो की परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज ससंघ का मंगल चातुर्मास दिल्ली में 2023 का संपन्न हुआ । इसके बाद दिल्ली से मंगल विहार जैन धर्म के सबसे बड़े तीर्थ सम्मेदशिखर जी की ओर हुआ रास्ते में प्रयागराज, बनारस गया,ओर कई जैन तीर्थ का दर्शन कर लगभग 2000 किलोमीटर की यात्रा करते हुवे आज धर्म नगरी झुमरी तिलैया में मंगल आगमन हुआ। रास्ते में भीषण गर्मी में भी मुनि श्री बिहार करते हुए चल रहे थे कोडरमा की धरती में आगमन के साथ नगर भ्रमण में समाज के द्वारा रास्ते मे कई जगह चरण वंदन ओर आरती की गई । आचार्य श्री ससंघ ने नगर भ्रमन कर श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहुँचे जहाँ समाज के लोगो ने आरती किया ओर कोडरमा में विराजमान परम पूज्य गणनी आर्यिका 105 शुभ मति माता जी की परम प्रभावक शिष्या क्षुल्लिका 105 श्री सुहित मति माताजी, क्षुल्लिका 105 श्री सुविभूति मति माता, क्षुल्लिका 105 श्री सुआदर्शमति माताजी,क्षुल्लिका 105 श्री संयम मति माताजी

ने गुरुदेव की आगवानी कर तीन परिक्रमा देते हुवे गुरुदेव को नमोस्तु किया । आचार्य श्री द्वारा मंदिर दर्शन के पश्चात अपने मंगल आशीर्वाद में कहा कि जैन साधु बनना बहुत कठिन है क्योंकि जैन साधु को पूरा भारत पैदल बिहार करते है, एक समय भोजन करना अपने शरीर पर कपड़ा नहीं पहनना माथे का बाल को अपने हाथों से उखाड़नान,इस विषम गर्मी मे जहाँ लोग घर से नही निकल रहे है वही जैन साधु पैदल विहार करना आदि कई कठिन तपस्या है इस अवसर विशेष रूप से समाज के उप मंत्री नरेंद्र झांझरी ,अभिषेक पंडित जी,सुबोध गंगवाल,पूर्व मंत्री ललित सेठी,महिला संगठन की अध्यक्षता नीलम सेठी,मंत्राणी आशा गंगवाल आदि अनेक भक्त अगवानी में शामिल थे।कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा,नविन जैन ने दी।

## पानी बिजली की समस्या के समाधान के लिए जनहित में उपायुक्त महोदया ले संज्ञानः पार्षद पिंकी जैन

### आपूर्ति करने वाले अफसर को कराए कर्तव्य का बोध



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि शहर मे मूलभूत सुविधा बहाल करने की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की है, परंतु बिजली पानी ट्रैफिक की समस्या से शहर जूझ रहा है। शहर में रहने वाले लोगों के रिलेटिव बहन बेटी गर्मी के दिनों में आने से कतराते हैं शर्म महसूस करते हैं पानी की बेहद कमी विकराल समस्या का रूप लेते जा रही है। इस भीषण गर्मी में बोरिंग और कुआं का पानी सूख चुका है सप्लाई पानी की आपूर्ति ही एकमात्र सहारा है शहर की सम्मानित जनता सप्लाई पानी पर आश्रित है, जिसका पैसा तो नगर परिषद के द्वारा प्रति महीने 30 दिन का ले लिया जाता है परंतु पानी नियमित नहीं दिया जाता है बहुत प्रयास प्रार्थना के बाद के बाद महीना में लगभग 8 दिन मात्र 10 मिनट के लिए पानी दिया जाता है जनहित में प्रशासन के द्वारा सुविधा हेतु जो भी कार्य किया गया है उसका कोई भी रिजल्ट नहीं निकला है पिएचडी का नंबर दिया गया है उससे जुड़े पदाधिकारी फोन ही नहीं उठाते हैं सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं समस्या का समाधान नहीं करते हैं। पिएचडी और नगर परिषद यदि शहर में सप्लाई पानी की आपूर्ति गर्मी के दिनों में नियमित नहीं कर सकते हैं तो शहर की आम जनता से लेने वाले भारी भरकम पानी का बिल वापस कर दे सप्लाई पानी दिए बिना पैसा लेने का हक नहीं है। शहर की जनता पानी की समस्या से त्राहिमाम है, जिसके कारण समय-समय पर धरना प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उपायुक्त से करबद्ध प्रार्थना है कि जनहित में पानी बिजली की समस्या के समाधान के लिए त्वरित ठोस कार्रवाई करने की कृपा करें जिसके लिए शहर की आम जनता आपकी आभारी रहेगी सप्लाई पानी शहर की जनता को किस दिन और कितना मिनट मिलेगा इसकी सूचना पिएचडी और नगर परिषद आम जनता कि सुविधा के लिए समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के द्वारा प्रतिदिन प्रकाशित करें।

## प्रखंड प्रमुख अंजू देवी वीडियो गौतम कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर प्रखंड सभागार में प्रखण्ड प्रमुख अंजू देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं,15 वें वित्त आयोग, अबुआ आवास योजना एवं मनरेगा की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में 15 वें वित्त आयोग के तहत कम राशि खर्च करने वाले पंचायत घरौंजा, डंडाडीह , गडगी, ककरचोली, गोहाल, कंद्रपडीह, रुपायडीह आदि के संबंधित पंचायत सचिव पर दोनों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा अगले एक सप्ताह में जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए राशि खर्च करने का निदेश दिया गया।अबुआ आवास योजनाओं में ?तेजी से कार्य कराते हुए प्लिंथ स्तर के भुगतान की कार्रवाई करने का निदेश दिया। पंचायत सचिवों को ? शत प्रतिशत आवासों का निरीक्षण करते हुए जियो टैग करने का निदेश दिया। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें ग्राम पंचायतों को मानव दिवस सृजन के लक्ष्य प्राप्ति का निदेश दिया गया ? साथ हीं ? जल्द से जल्द को निर्माण



की योजनाओं को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में मुखिया कौसार खान,महेश साव, बिनोद दास,संगीता कुमारी,संजय कुमार साव,अजय यादव, सुबंती देवी, फरीदा खातून, पंचायत समिति सदस्य मिस्बाउदीन, बलराम यादव,अरमान खान,किरण देवी, सुरेंद्र राणा, अंजू देवी,हेमिया देवी,बीपीओ रवि शंकर कुमार प्रखंड समन्वयक रवि कुमार, विवेक कुमार, पंचायत सचिव चन्दन कुमार गुप्ता, बिंदु कुमारी, सुरेश चंद्र पासवान एवं अन्य उपस्थित रहे ।

## झुमरी तिलैया नगर के महिलाओं के साथ विचार-विमर्श वाद-संवाद के साथ साथ नीरा यादव उनके समस्याओं से अवगत हुई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सोमवार को झुमरी तिलैया के शिव वाटिका में आयोजित नगर के महिलाओं के साथ विचार विमर्श एवं वाद संवाद का कार्यक्रम आयोजित की गई थी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव थी एवं मंच संचालन रंजीता सेठ ने किया । नीरा यादव को प्रेरणा शाखा की महिलाओं ने शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया एवं काली मंडा की अध्यक्ष सरोजनी सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने आशीर्वाद के रूप में माता रानी का चुनरी विधायक को ओढ़ाया। कार्यक्रम में विधायक नीरा यादव ने कहा कि हम सभी गौरवान्वित है, क्योंकि कोडरमा लोकसभा में मतदान करने में पुरुषों से अव्वल रहीं हैं। कोडरमा में नारियों के द्वारा विभिन्न प्रयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना, सामाजिक कार्यों में जागरूक रहना,





अपने क्षेत्रों में अधिकतम वोट करना और झारखंड में सबसे अधिक अंतर के मत से अन्नपूर्णा देवी जी का जीत दर्ज कराना यह हरेक क्षेत्र में नारी शक्ति के उन्नति को दर्शाता है। इसके सभी के प्रति आभार जताया । उपस्थित महिलाएं भी अपने शहर के इर्द गिर्द के कई समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा जिसे विधायक ने हल करने का आश्वासन दिया। महिलाओं ने आयोजित इस कार्यक्रम को सराहा और विधायक से आग्रह किया कि अगले बार इसे थोड़ा वृहत रूप देते हुए बराबर करे ऐसे कार्यक्रमों से हम सभी को प्रेरणा मिलती रहेगी। ऐसे से महिलाएं काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में प्रेरणा शाखा की सारिका लड्डा, काली मंडा समिति अध्यक्ष सरोजिनी सिंह, इनर व्हील की पूर्व अध्यक्ष माला दारूका, गांधी स्कूल प्राचार्य निशा भारद्वाज, योगा प्रशिक्षिका सीमा वर्णवाल, डीपीएस स्कूल प्राचार्य सुनिता पांडे, भारतीय विकास परिषद की प्रांतीय संयोजिका जूही दास गुप्ता, माहुरी समाज की अध्यक्ष ललिता भदानी, मधु सिंह, रंजु कुमारी,जयंती सिंह, श्रुति भदानी, सुनीति सेठ, सुनीता लाल, पूनम वर्णवाल, इंदु जायसवाल, विरण चुल्हू, प्रियंका बाजपेई, भारती जी, ज्योति पुजारा, सरिता विजय, दीपाली भदानी, अनामिका भदानी, रेशमा भदानी, नेहा लोहनी, सालू चौधरी, नेहा हिसारिया, रागिनी बड़गवे, अलका बडगवे, ममता बडगवे, नीलम महर्षि, नीलम भदानी आदि सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

# रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवसः मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी

**डॉ. वंदना सेन**

> जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी।

भारत में ऐसे कई महान व्यक्तित्व हुए हैं, जिनका जीवन हमको देश के लिए जीना सिखाता है। उनके हर कदम भारत के वीर भाव को ही प्रदर्शित करते थे। यहां यह बताना भी बहुत जरुरी है कि देश याने क्या? देश केवल भूमि नहीं, बल्कि वहां रहने वाली संतति ही है। इसलिए स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि देश के महानायकों ने जिस वीरत्व भाव के साथ जीवन जिया, वह देश की संतति को प्रेरणा देने वाला ही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि हम इन महानायकों को कितना अपने जीवन में उतारते हैं? यथार्थ यही है कि आम जन के लिए जीवन का उत्सर्ग करने वाले इन योद्धाओं को हम लगभग विस्मृत ही कर चुके हैं। आज हमको अपने नायकों को पहचानने की आवश्यकता है। रानी लक्ष्मी बाई उन नायकों की श्रृंखला में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं।

वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में रानी लक्ष्मी बाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवन काल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उसे अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया। वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रुप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया। और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला



के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की।

जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं।

सन् 1850 मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया।

27 फरवरी 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी और झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। यह सूचना पाते ही रानी के मुख से यह वाक्य प्रस्फुटित हो गया, मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। यहीं से भारत की प्रथम स्वाधीनता क्रांति का बीज प्रस्फुटित हुआ। रानी लक्ष्मीबाई ने सात दिन तक वीरतापूर्वक झांसी की सुरक्षा की और अपनी छोटी-सी सशस्त्र सेना से अंग्रेजों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया। रानी ने खुले रूप से शत्रु का सामना किया और युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया। वे अकेले ही अपनी पीठ के पीछे दामोदर राव को कसकर घोड़े पर सवार हो, अंग्रेजों से युद्ध करती रहीं। बहुत दिन तक युद्ध का क्रम इस प्रकार चलना असंभव था। सरदारों का आग्रह मानकर रानी ने कालपी प्रस्थान किया। वहां जाकर वे शांत नहीं बैठीं।

उन्होंने नाना साहब और उनके योग्य सेनापति तात्या टोपे से संपर्क स्थापित किया और विचार-विमर्श किया। रानी की वीरता और साहस का लोहा अंग्रेज मान गए, लेकिन उन्होंने रानी का पीछा किया। रानी का घोड़ा बुरी तरह घायल हो गया और अंत में वीरगति को प्राप्त हुआ, लेकिन रानी ने साहस नहीं छोड़ा और शौर्य का प्रदर्शन किया। कालपी में महारानी और तात्या टोपे ने योजना बनाई और अंत में नाना साहब, शाहगढ़ के राजा, बानपुर के राजा मर्दन सिंह आदि सभी ने रानी का साथ दिया। रानी ने ग्वालियर पर आक्रमण किया और वहां के किले पर अधिकार कर लिया। विजयोल्लास का उत्सव कई दिनों तक चलता रहा लेकिन रानी इसके विरुद्ध थीं। यह समय विजय का नहीं था, अपनी शक्ति को सुसंगठित कर अगला कदम बढ़ाने का था।

इधर जनरल स्मिथ और मेजर रूल्स अपनी सेना के साथ संपूर्ण शक्ति से रानी का पीछा करते रहे और आखिरकार वह दिन भी आ गया जब उसने ग्वालियर का किला घमासान युद्ध करके अपने कब्जे में ले लिया। रानी लक्ष्मीबाई इस युद्ध में भी अपनी कुशलता का परिचय देती रहीं। 18 जून 1858 को ग्वालियर का अंतिम युद्ध हुआ और रानी ने अपनी सेना का कुशल नेतृत्व किया। वे घायल हो गईं और अंततः उन्होंने वीरगति प्राप्त की। रानी लक्ष्मीबाई ने स्वातंत्र्य युद्ध में अपने जीवन की अंतिम आहुति देकर जनता जनार्दन को चेतना प्रदान की और राष्ट्रीय रक्षा के लिए बलिदान का संदेश दिया।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### ईवीएम पर फिर घमासान

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं। राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था। लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब ईवीएम को लेकर शक-संदेहों का चुनाव आयोग अपने स्तर पर निराकरण कर चुका है, अदालत ने भी व्यवस्था दे दी है, और सबसे बड़ी बात कि विपक्ष ईवीएम के जरिए चुनावी जीत को सहज लेता है, तो भी शक-संदेह जताना उसकी अपरिपक्वता दिखाता है।

## भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, समानता, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी और लैंगिक असमानता को दूर किया जा सकेगा।

**– ललित गर्ग**

## चिंतन-मनन

### श्रद्धा से मिलता है ज्ञान

एक बार बालक नचिकेता ने अपने पिता से कहा, आप ब्राह्मणों को जर्जर, कृशगात और अनुपयोगी गाय दान में दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं कहा कि ऐसा ठीक नहीं है परंतु पिता समझ गए कि यह मेरी निंदा कर रहा है, मेरा अनादर कर रहा है, मेरे कृत्य की भर्त्सना कर रहा है। नचिकेता ने पिता से कहा- शाछ्र कहते हैं कि अच्छी वस्तु, अच्छी निधि तथा अच्छी संपदा का दान करना चाहिए। अगर आप दान ही कर रहे हैं तो मुझको किसे दान में देंगे ?

पिता को चुप लग गया लेकिन बालक नचिकेता बार- बार टोकने लगा- पिताजी ! आप मुझे किसे दान में देंगे ? आपने यह भी विचार किया होगा कि मुझे भी किसी को दान में देंगे। इस पर पिता ने प्रोध में कहा-मैं तुझे यमराज को दान में देता हूं। आज से तू यम की वस्तु हुआ। दान की गई वस्तु कभी ली नहीं जाती और कभी लौटाई नहीं जाती। अब तू मेरा नहीं रहा। चूंकि मैं तुझे दान कर चुका हूं इसलिए तू मेरे पास नहीं रहेगा।

बालक नचिकेता को यह बुरा नहीं लगा कि मेरे पिता ने मुझे कुछ कहा है। ऐसी श्रद्धा थी नचिकेता की अपने पिता के प्रति। यही श्रद्धा ज्ञानकारक बनी और नचिकेता को यमराज के द्वार पर लेकर गई। यमराज ने देखा कि यह सामान्य बालक नहीं, श्रद्धावान बालक था। जब हमारे पास श्रद्धा आती है तो वह हमें बाध्य करती है। गुरु के पास जो गुरुत्व है, साधु के पास जो साधुत्व है, संन्यासी के पास जो संन्यस्त है, गंगा के पास जो गंगत्व है,देवताओं के पास जो देवत्व है और भगवान के पास जो भगवत्ता है; उसके हम स्वाभाविक रूप से अधिकारी बन जाते हैं। श्रद्धावान व्यक्ति स्वाभाविक रूप से योग्यता रखता है चूंकि उसके पास तर्प नहीं होते।


नचिकेता संकल्लित मन से यमराज की चौखट पर बैठ गया। यमराज ने कहा-तू तीन दिन से मेरे द्वार पर बैठा है, बड़ा हठी है। मांग क्या मांगना चाहता है ? इस पर बालक नचिकेता ने कहा-मैं मृत्यु का भेद जानने आया हूं। जन्म-मृत्यु क्या है, यह भेद मुझे बता दीजिए।

यह सुनकर यमराज हतप्रभ हो गए। उन्होंने बालक नचिकेता के समक्ष ढेरों प्रलोभन रखते हुए कहा-तुम चप्रवर्ती सम्राट बनने, पृथ्वी पर प्रतिष्ठत और पूजित होने अथवा स्वर्ग की संपूर्ण संपदा प्राप्त करने का वर मांग

## भ्रामक विज्ञापनः झूठ का बाजार-बड़ा कारोबार

बरसों पहले अखबार में छपे एक विज्ञापन को देख कर जुमला कहा गया था 'विज्ञापन कंबल की दर्शनीय टांगें, दुकानदार से जाकर हम क्या मांगें!' आज भी यह बात हर विज्ञापन पर सटीक बैठती है। बाजारवाद के इस दौर में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसका विज्ञापन न किया जाता हो। विज्ञापन बनाने वाली कंपनियां इतनी चालाकी से अपने प्रोडक्ट की नुमाइश करती हैं कि न चाहते हुए भी वो प्रोडक्ट हमारे लिए जरूरी से लगने लगते हैं। यहां तक कि झूठे और भ्रामक विज्ञापनों से भी कोई गुरेज नहीं करतीं, लेकिन बीते दिनों पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय हरकत में आया और विज्ञापन कंपनियों को स्वप्रमाणन-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। ऐसे में अगर कंपनियों के प्रोडक्ट में किए गए दावे गलत निकलते हैं, तो न केवल हजार्ना चुकाना होगा, बल्कि कार्रवाई के लिए भी तैयार रहने की बात कही गई है। मंत्रालय द्वारा ऐसे पोर्टल भी तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें विज्ञापनदाता स्वप्रमाणन-पत्र अपलोड़ करेंगे। भ्रामक विज्ञापनों में शामिल चर्चित हस्तियों को भी झूठ में शामिल माना जाएगा। अदालत के सख्त रुख के बाद देर से ही सही पर संबंधित मंत्रालय और व्यवस्थाएं जाग रही हैं वरना तो भ्रामक विज्ञापनों की ऐसी होड़ सी मची हुई है कि स्वयं कामदेव भी दंडवत हो जाए। गोरापन बढ़ाने वाली क्रीम तो बीते 54 सालों से भ्रामक विज्ञापनों के सहारे ही बिकती आई हैं। इन क्रीमों से गोरापन भले न मिला हो पर कंपनी को 2400 करोड़ रुपये सालाना का रेवेन्यू जरूर मिल रहा है। ऐसा ही हाल पेय पदार्थों को लेकर है जिनका मार्किट 7500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है जबकि सॉफ्ट ड्रिंक का मार्किट 5700 करोड़ होने का अनुमान है। विडंबना देखिए कि




जिन पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्धक बता कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, वही बीमारियों की वजह बन रहे हैं। जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कंपनियों को तो सिर्फ अपना मुनाफा कमाना है जबकि आम जनता लुभावने विज्ञापनों के जाल में उलझी है।

वैसे भी कहावत है कि अगर एक झूठ को 100 बार बोला जाए तो जनता उसे सच मान ही लेती है। यही वजह है कि सड़क से लेकर दीवार तक ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विज्ञापन न चस्पा हो। सुई से लेकर हवाई जहाज तक हर चीज का विज्ञापन दिखाया जाता है। समाचार चैनलों पर तो खबर से ज्यादा विज्ञापन प्रसारित हो रहे हैं। इन विज्ञापनों में इस हद तक अश्लीलता परोसी जाने लगी है कि परिवार के साथ बैठकर टेलीविजन देखना भी दूभर सा हो गया है। न्यूज चैनलों के बीच कॉन्डम का विज्ञापन देखकर लगता है जैसे कोई पोर्न चैनल देख रहे हों। परफ्यूम के विज्ञापन तो ऐसे होते हैं मानो रेप कल्चर को बढ़ावा दे रहे हों। कुल मिला कर देखा जाए तो महिलाओं को विज्ञापन के केंद्र में रखकर नारी देह को अश्लील तरीके से परोसा जा रहा है। विज्ञापनों में महिलाओं को कामुक दिखाने का चलन इस कदर बढ़ गया है जैसे नारी सिर्फ उपभोग की वस्तु हो!

कहने को तो हमारे देश में अश्लील प्रदर्शन के विरु द्ध कानूनी प्रावधान हैं, फिर भी उनकी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों पर तो चाबुक चला दी पर विज्ञापनों के माध्यम से परोसी जा रही अश्लीलता को भी संज्ञान में लिया जाना चाहिए। सच है कि वर्तमान दौर में विज्ञापन हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं, बदलते परिवेश में विज्ञापनों का रंग-रूप भी बदल गया है। एक दूसरे से बेहतर दिखने-दिखाने की चाह में विज्ञापनों में अश्लीलता का ऐसा दौर शुरू हो गया जिसकी कल्पना नहीं की गई थी।

किसी के पास इन सवालों के कोई जवाब नहीं हैं कि ये विज्ञापन ह्यनारी देह' पर ही क्यों केंद्रित होते हैं? आखिर, एक स्त्री किसी पुरोष के अंडरवियर या परफ्यूम पर ही सम्मोहित कैसे हो सकती है? ऐसी क्या वजह है जो उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए महिलाओं के अंग प्रदर्शन और झूठ का सहारा लिया जाता है। विज्ञापन कंपनियां महिलाओं को उपभोग की वस्तु दिखाने से क्यों गुरेज नहीं करतीं? ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या जिस स्त्री स्वरूप की हमारी संस्कृति में देवी से तुलना की गई है, वो अब इसी की हकदार बची है? प्रेम और सेक्स कभी भी एक समान नहीं हो सकते और प्रेम और सेक्स को कभी समानांतर आंका भी नहीं जा सकता। लेकिन, विज्ञापनों ने उल्टी गंगा बहाना शुरू कर दिया। उनका एक ही मकसद है, स्त्रियों के कामोत्तेजक हाव-भाव और सम्मोहक अंदाज के जरिए पुरोष दर्शकों को आकर्षित करना। लेकिनङ्क हम पैसे बनाने और किसी ब्रांड को चमकाने के लिए स्त्री की क्या छवि गढ़ रहे हैं? सवाल उस नायिका का भी है, जो ऐसे विज्ञापनों में काम भी सिर्फ पैसे की खातिर कर लेती है। समाज में महिलाओं की स्वच्छ छवि विज्ञापनों के माध्यम से दिखानी होगी। कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता बढ़ानी होगी ताकि झूठे प्रचार की आवश्यकता ही न पड़े। महिलाओं को भी आगे बढ़कर उन विज्ञापनों का विरोध करना होगा जिनमें महिलाओं की छवि को धूमिल किया जा रहा है। भ्रामक विज्ञापनों के मायाजाल को तोड़ना होगा ताकि इनके सम्मोहन से आम जनता को बचाया जा सके। **– सोनम लववंशी**

## उ.कोरिया के सैनिकों की हिमाकत.... दक्षिण कोरिया की सीमा में घुसे

सियोल । देश के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के अनुसार, उत्तर कोरिया के सैनिकों द्वारा सीमा के पास सैन्य सीमांकन रेखा पार करने के बाद दक्षिण कोरिया की सेना ने चेतावनी के तौर पर गोलियाँ चलाईं। जेसीएस अधिकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 20 से 30 सैनिक असैन्यीकृत क्षेत्र के अंदर तक रेखा का उल्लंघन कर गए और दक्षिण कोरिया द्वारा चेतावनी के तौर पर गोलियाँ चलाने के बाद उत्तर की ओर वापस चले गए। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि जेसीएस को नहीं लगता कि उल्लंघन जानबूझकर किया गया था। जेसीएस अधिकारी ने बताया कि असैन्यीकृत क्षेत्र में बारूदी सुरंगों के विस्फोट के कारण काम करते समय उत्तर कोरियाई सैनिकों को भी कई हताहतों का सामना करना पड़ा। जेसीएस अधिकारी ने कहा कि उत्तर कोरिया की सेना अग्रिम पंक्ति में सैनिकों की तैनाती और बारूदी सुरंगें लगाने सहित कई गतिविधियाँ कर रही है। अधिकारी ने कहा, दक्षिण कोरियाई सेना ...सीमावर्ती क्षेत्र में उत्तर कोरियाई सेना की गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रख रही है और साथ ही संयुक्त राष्ट्र कमांड के साथ मिलकर काम कर रही है। यह घटना तब हुई है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 24 साल में पहली बार बुधवार को उत्तर कोरिया का दौरा करने वाले है। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ़्ते, दक्षिण कोरिया की सेना ने लगभग 20 उत्तर कोरियाई सैनिकों के सीमा पार करने के बाद चेतावनी के तौर पर गोलियाँ चलाईं।

## जब मूर्ति की आंखों से बहने लगा खून, लोगों ने माना दैवीय चमत्कार

### -चर्च के अधिकारी बोले-ऐसे मुद्दे पर सावधानी बरतने की जरूरत

मेक्सिको सिटी । भारत ही नहीं दुनिया में धार्मिक मूर्तियों को लेकर चमत्कार चर्चा का विषय बन जाते हैं। कभी कोई मूर्ति दूध पीती है, तो कभी किसी मूर्ति से खून बहने लगता है। हाल ही में मैक्सिको में वर्जिन मैरी की मूति की आंखों से खून बहने की खबर ने शहर में सनसनी फैला दी है। कई लोग इसे दैवीय चमत्कार के साथ एक संदेश मान रहे हैं। इस पूरे मामले में चर्च का रवैया भी रोचक है। चर्च के अधिकारी इस मूर्ति के खून के आंसू रोने की घटना की जांच कर रहे हैं। मूर्ति में मैरी को लेडी ऑफ ग्वाडालूप के रूप में दिखाया गया है, जो उनके पांच दर्शनों में से एक है, जो 1500 के दशक में जुआन डिएगो नामक एक किसान और उसके चाचा जुआन बर्नार्डिनो को दिखाई दिया था। मेक्सिको के ओब्रेरा शहर के मोरेलिया में एक परिवार ने कैथोलिक अधिकारियों से संपर्क किया जब दो जून को मूर्ति की आंखों से लाल आंसू बहने लगे। मूर्ति का सटीक स्थान अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, ऐसा इसमें शामिल परिवार की सुरक्षा के लिए किया गया है। मूर्ति की तस्वीरों में ऐसा लग रहा है कि उसके गालों पर काली धारियां हैं, जैसे कि वह खून के आंसू रो रही हो। इसमें यकीन रखने वालों का मानना है कि यह संकेत एक दिव्य संदेश है, लेकिन अक्सर इसकी व्यापक जांच की जाती है, क्योंकि स्थानीय चर्च अधिकारियों ने अब भक्तों से बहकने से बचने का आग्रह किया है। आर्च डायोसिस ने एक बयान में कहा कि यह कथित चमत्कार जैसे नाजुक मुद्दे पर विचार करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के लिए जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। इसलिए, इस मामले पर कोई निश्चित स्थिति जारी करना जल्दबाजी होगी लेकिन चर्च ने इसे पारिवारिक प्रार्थना का अवसर जरूर माना और इसके लिए लोगों को आमंत्रित भी किया।

## पंजाब से अमेरिका पहुंचा गौरव....दिन दहाड़े गोलियों की बौछार कर महिला को मार डाला


न्यू जर्सी । अमेरिका के नेवार्क शहर में तब भय का माहौल बन गया जब एक 19 साल के लड़के ने एक महिला पर गोलियों की बौछार कर दी। भारत के पंजाब का रहने वाले गौरव गिल को अमेरिकी पुलिस ने 29 साल के जसवीर कौर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने 20 वर्षीय गगनदीप कौर को भी हमले में घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी हाल ही में अमेरिका पहुंचा था। वह वाशिंगटन राज्य के केंट शहर में रह रहा था। घटना सुबह न्यू जर्सी के कार्टरेट में एक रेसिडेंशियल बिल्डिंग के बाहर हुई। पुलिस ने हमलावर को कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी गिल और गगनदीप कौर, पहले से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों पंजाब के कोचिंग सेंटर में तैयारी करते थे। गिल की गोली मरने वाली महिला जसवीर कौर, गगनदीप की चचेरी बहन है। गगनदीप हाल ही में स्टडी वीजा पर अमेरिका पहुंची थी और जसवीर के घर पर रुकी हुई थी। जसवीर पंजाब की रहने वाली हैं। वह न्यू जर्सी के कार्टरेट में अमेजन कंपनी में काम करती थी और उसका पति कैब ड्राइवर है, जो घटना के समय शहर से कहीं बाहर था। मृतका के पिता केवल सिंह ने बताया, 'हमारी बेटी ने उन्हें अपने साथ रखा और हर तरह से उनकी मदद की। घटना के समय जसवीर सो रही थी। गगनदीप का घर के बाहर आरोपी से झगड़ा हुआ और उन्होंने जसवीर को मदद के लिए बुलाया। जब जसवीर ने बीच-बचाव किया, तब आरोपी ने उनके चेहरे पर सात गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौत हो गई। केवल सिंह ने कहा कि उनकी बेटी और दामाद दोनों ही गगनदीप का बहुत साथ देते थे। गगनदीप और गौरव गिल हाल ही में और लगभग एक ही समय पर अमेरिका पहुंचे थे। उनकी मां ने कहा कि वह गौरव को नहीं जानती हैं और उन्हें नहीं पता कि उनके बीच कोई विवाद था या नहीं।

## राफा की सड़कों पर इजराइली सेना और हमास के लड़कों के बीच खूनी संघर्ष जारी

तेलअवीव । इजरायल और हमास की जंग अब तेजी से इंसानों की बलि ले रही है। राफा के ताल अस-सुल्तान क्षेत्र में सड़कों पर लड़ाई जारी है। हमास के लड़ाके इजरायली सेना पर रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड और मोर्टार से हमला कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले इसतरह एक घातक हमले में आठ इजरायली सैनिक मारे गए थे। वहीं इजरायल की सेना ने दावा किया है कि उसने राफा शहर के लगभग 60 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। सात हफ्ते से राफा में चले जमीनी हमले में 550 फिलिस्तीनी लड़ाके मारे गए और इजरायल के 22 सैनिक मारे गए। इजरायल की सेना ने बहुत जरूरी मानवीय राहत पहुंचाने के लिए अपने सैन्य अभियान को रोकने की बात कही है। इसके एक दिन बाद राफा में व्यापारियों और राहत कर्मियों द्वारा सहायता ले जाने वाले ट्रकों का इंतजार करने के दौरान इजरायली गोलीबारी में करीब नौ फिलिस्तीनी मारे गए और कई गंभीर रूप से घायल। गाजा पर इजरायल के हमले पूरे फिलिस्तीनी परिवारों को खत्म कर रहे हैं। कुछ हमलों में एक ही परिवार की चार पीढ़ियां मर गई हैं। वहीं बंधकों की रिहाई नहीं होने से नाराज लोग देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। राफा पर इजरायली हमले के बाद गाजा में मानवीय सहायता पहुंचना करीब-करीब बंद हो गई है। रिफ्यूजीज इंटरनेशनल के प्रमुख ने कहा कि इजरायल का राफा पर हमला गाजा की अधिकांश आबादी के लिए विनाशकारी साबित हुआ है, जो मध्य और दक्षिणी इलाकों में फंसी हुई है।

## स्टेज से गिरे हॉलीवुड स्टार इयान, अस्पताल में भर्ती

लंदन । दिग्गज हॉलीवुड स्टार इयान मैकेलेन नोएल कावर्ड थिएटर में परफॉर्मेंस दे रहे थे। तभी वे स्टेज से गिर गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक बैटल सीन के दौरान मैकेलेन का पैर फिसल गया, जिसके



चलते वह गिर पड़े। शो को रद्द कर दर्शकों को थिएटर से बाहर निकालना पड़ा। थिएटर के प्रतिनिधि ने बताया कि मैकेलेन जल्दी और पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे। प्रोडक्शन ने मंगलवार, 18 जून को होने वाले परफॉर्मेंस को रद्द करने का फैसला लिया है, ताकि इयान आराम कर सकें। डॉक्टर रेचल और ली, जो दर्शकों में शामिल थे, और वेन्यू स्टाफ के सभी कर्मचारियों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। बताया जा रहा है कि मैकेलन प्लेयर किंग्स में जॉन फालस्टाफ का किरदार निभा रहे थे। दो अन्य किरदारों से जुड़े फाइट सीन के दौरान मैकेलन स्टेज से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता के चिल्लाने पर कर्मचारी मदद के लिए दौड़ पड़े। मैकेलन ने शेक्सपियर के नाटकों में रोल प्ले किया है। उन्होंने मैकबेथ, किंग लियर, रिचर्ड 2, इयागो और रिचर्ड 3 जैसे स्टेज रोल्स निभाए हैं।



जेरुसलम में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोग। ये लोग बंधकों की रिहाई की मांग कर रहे थे।

## भगोड़े विजय माल्या के बेटे की लंदन में शादी

लंदन । भारत की बैंकों के हजारों करोड़ लेकर भागे उद्योगपति विजय माल्या के बेटे सिद्धार्थ माल्या की शादी होने वाली है। सिद्धार्थ ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। वह अपनी गर्लफ्रेंड जैस्मीन से शादी करने वाले हैं। सिद्धार्थ माल्या ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी है। सिद्धार्थ अमेरिका के लॉस एंजिलिस में पैदा हुए हैं और अपने पिता के साथ ही लंदन में रह रहे हैं। उन्होंने लंदन के ही वेलिंगटन कॉलेज और क्वीन मेरी यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। इसके अलावा वह रॉयल सेंट्रल स्कूल ऑफ स्पीच एंड ड्रामा में भी पढ़ चुके हैं। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग और ऐक्टिंग के करियर की शुरुआत की। सिद्धार्थ ने जैस्मीन के साथ तस्वीर शेयर की है और कैप्शन में लिखा है, वेडिंग वीक की शुरुआत हो चुकी है। उनकी इस पोस्ट पर मित्र और रिश्तेदारों ने शुभकामनाएं दी हैं। सिद्धार्थ ने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें वह क्रीम कलर की शर्ट और हल्की गुलाबी पैंट में दिख रहे हैं। वहीं जैस्मीन ने भी सफेद कलर की ड्रेस पहन रखी है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सिद्धार्थ माल्या ने बताया था कि उन्होंने जैस्मीन को प्रपोज किया है। इसके साथ ही दो तस्वीरें भी शेयर की थीं। इनमें से एक तस्वीर में वह घुटनों पर बैठकर जैस्मीन को प्रपोज कर रहे थे। वहीं दूसरी में जैस्मीन एंगेजमेंट रिंग दिखाती नजर आती हैं। सिद्धार्थ माल्या पेशे से ऐक्टर और मॉडल हैं। वहीं उनके पिता यूबी ग्रुप के चेयरमैन रहे हैं, जो शराब कंपनी थी। विजय माल्य पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये भारतीय बैंकों के बकाया हैं। वह कई सालों से विदेश में हैं और भारतीय एजेंसियां उनके प्रत्यर्पण के प्रयास कर रही हैं।

## अजीत डोभाल से मिले अमेरिका के एनएसए जेक सुलिवन, दोनों देशों ने उद्योग और शिक्षा जगत पर दिया जोर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका ने सोमवार को अपनी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी में अगले कदमों पर सहमति जताई और रक्षा, अंतरिक्ष और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में प्रमुख पहलों के साथ आगे बढ़ते हुए रणनीतिक व्यापार में लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की सह-अध्यक्षता में महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी (iCET) पर भारत-अमेरिका पहल की दूसरी बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हुई। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि iCET उन्नत सैन्य हार्डवेयर विकसित करने, उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के लिए मानक निर्धारित करने और अगली पीढ़ी के चिप्स और दूरसंचार विकसित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने के संयुक्त प्रयासों का शिखर है।

इस साल सुलिवन ने दो बार भारत की यात्रा टाली क्योंकि बाइडेन प्रशासन इजरायल-हमास संघर्ष में व्यस्त था, और लोगों ने बताया कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच उनकी यात्रा भारत में नई गठबंधन सरकार के गठन के बाद निरंतरता बनाए रखने की अमेरिका की इच्छा को दर्शाती है।

### अजीत डोभाल और जेक सुलिवन की मुलाकात

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ विस्तृत चर्चा की और इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी 'महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल' (आईसीईटी) के क्रियान्वयन, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया।



सुलिवन 17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर हैं, जो मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की पहली भारत यात्रा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुलिवन के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों देशों के एनएसए ने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श किया, जिसकी शुरुआत में पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर देरी हो रही है। सुलिवन की भारत यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई संक्षिप्त बातचीत के तीन दिन बाद हुई है।

बाइडन प्रशासन के शीर्ष अधिकारी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। उनके प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने की उम्मीद है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह नयी दिल्ली में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर व्यापक चर्चा हुई।

उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी हमारे नए कार्यकाल में मजबूती से आगे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मई 2022 में तोक्यो में क्वाड सम्मेलन से इतर 'आईसीईटी' की शुरुआत की थी।

उसके बाद दोनों एनएसए ने सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रक्षा नवाचार, अंतरिक्ष और आधुनिक दूरसंचार समेत नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के विविध पहलुओं पर साझेदारी के क्षेत्रों को चिह्नित करने के लिए समन्वित प्रयास किए हैं। दोनों पक्षों ने आईसीईटी के अंतर्गत नये क्षेत्रों को शामिल किया है, जिसमें जैव प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ मृदा प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, डिजिटल कनेक्टिविटी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उन्नत सामग्री शामिल हैं।

### डोभाल-सुलिवन वार्ता

डोभाल-सुलिवन वार्ता से परिचित लोगों ने बताया कि इस यात्रा से दोनों एनएसए को प्रगति की समीक्षा करने और आईसीईटी के लिए नयी प्राथमिकताएं निर्धारित करने का अवसर देती है। दोनों दोनों के एनएसए ने द्विपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत-अमेरिका साझेदारी की समीक्षा की। वे दोनों देशों के अंतर-विभागीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आईसीईटी की पहली वार्षिक समीक्षा की अध्यक्षता भी करने वाले थे। मंगलवार को, दोनों एनएसए भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित उद्योग सीईओ के साथ भारत-अमेरिका आईसीईटी गोलमेज में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।

## जापान में जानलेवा 'मांस खाने वाले बैक्टीरिया' का प्रकोप... जानें कितना है इसके दुनिया भर में फैलने का खतरा

। कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील के बाद, जापान में एक दुर्लभ और घातक मांस खाने वाले जीवाणु संक्रमण के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (स्त्रस्स्) के रूप में जाना जाने वाला यह भयानक रोग संक्रमण के सिर्फ 48 घंटों के भीतर जानलेवा हो सकता है। जापान के राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, देश में इस वर्ष लगभग 1,000 मामले सामने आ चुके हैं, जो पिछले वर्ष की संख्या से अधिक है। एसटीएसएस ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस (जीएएस) बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक गंभीर संक्रमण है। ये जीवाणु विषाक्त पदार्थ उत्पन्न करते हैं जो शरीर में अति-सूजन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर देते हैं, जिससे तेजी से ऊतक परिगलन, अत्यधिक दर्द और सदमा उत्पन्न होता है। बैक्टीरिया तेजी से रक्तप्रवाह और अंगों में प्रवेश कर सकता है, जिससे कुछ ही समय में कई अंग काम करना बंद कर सकते हैं। एसटीएसएस के प्रारंभिक लक्षणों में बुखार, मांसपेशियों में दर्द और उल्टी शामिल हैं, लेकिन यह स्थिति जल्दी ही जीवन के लिए खतरा बन सकती है, क्योंकि शरीर सदमे में चला जाता है और निम्न रक्तचाप, सूजन और कई अंगों की विफलता हो सकती है। यू.एस. सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सी.डी.सी.) के अनुसार, 'उपचार के बावजूद, एस.टी.एस.एस. जानलेवा हो सकता है। एस.टी.एस.एस. से पीड़ित 10 लोगों में से तीन लोग संक्रमण से मर जाते हैं।' जानकारी के मुताबिक दो जून तक, जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एसटीएसएस के 977 मामले दर्ज किए थे, जिसकी मृत्यु दर 30 प्रतिशत तक है। जनवरी से मार्च के बीच, संक्रमण से 77 लोगों की मौत हो गई। जापान में चल रहा यह प्रकोप पहले ही पिछले साल के 941 प्रारंभिक संक्रमणों के पिछले रिकॉर्ड को पार कर चुका है - जो 1999 में सांख्यिकी शुरू होने के बाद से सबसे अधिक है। पिछले वर्ष, एस.टी.एस.एस. के कारण 97 मौतें हुईं, जो पिछले छह वर्षों में मृत्यु की दूसरी सबसे बड़ी संख्या थी। टोक्यो महिला चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर केन किकुची ने बीमारी के तेजी से बढ़ने पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'अधिकांश मौतें शुरुआती लक्षण दिखने के 48 घंटों के भीतर हो जाती हैं।' मामलों में वृद्धि कोविड-19 के बाद लोगों की कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण हो सकती है। किकुची ने एनएचके को बताया, ÷अगर हम लगातार बैक्टीरिया के संपर्क में रहते हैं तो हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं।

## निखिल गुप्ता ने कहा- मैं बेकसूर हूं, पन्नू की हत्या की साजिश से मेरा कोई लेना देना नहीं

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप झेल रहे भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अमेरिकी अदालत में पेश किया गया। जहां उन्होंने अपनी बात रखते साफकहा कि पन्नू की हत्या की साजिश रचने में मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं पूरी तरह बेकसूर हूं। अभियोजन पक्ष ने गुप्ता पर खालिस्तानी नेता की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी देने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। निखिल गुप्ता पर भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित खालिस्तान के लिए अभियान चलाने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की साजिश रचने का आरोप है। चेक गणराज्य से प्रत्यर्पण के बाद गुप्ता को ब्रुकलिन में एक जेल में रखा गया है। 52 वर्षीय गुप्ता को पिछले साल 30 जून को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अमेरिका ने उनके प्रत्यर्पण की मांग की थी। सदर्न न्यूयॉर्क के संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट जज जेम्स कॉट ने 28 जून को होने वाली सुनवाई तक निखिल गुप्ता को हिरासत में रखने का आदेश दिया। निखिल गुप्ता के वकील जेफ्री चैब्रो ने जमानत के लिए आवेदन नहीं किया। अदालत कक्ष के बाहर जेफ्री चैब्रो ने कहा कि यह भारत



और अमेरिका के लिए एक जटिल मामला है और निर्णय के लिए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। इस साल की शुरुआत में चेक संवैधानिक न्यायालय में उनके प्रत्यर्पण के खिलाफ उनकी अपील के कारण उनका प्रत्यर्पण रुका हुआ था। पिछले महीने उनकी अपील खारिज होने पर उन्हें अमेरिका भेजे जाने का रास्ता साफ हो गया। जनवरी में न्यूयॉर्क की अदालत में एक याचिका दाखिल कर गुप्ता के वकील ने कहा था कि उन्हें प्राग में हिरासत में रहने के दौरान बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित रखा गया। वकील ने जनवरी में अदालत से अनुरोध किया था कि अभियोजन पक्ष को मामले के बारे में बचाव पक्ष को अधिक जानकारी प्रदान करने का आदेश दिया जाए, ताकि वह गुप्ता का बचाव किया जा सके। उन्होंने मजिस्ट्रेट को यह भी बताया कि निखिल गुप्ता शाकाहारी हैं। इसलिए उन्हें जेल में शाकाहारी खाना उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

## वजह आई सामने... क्यों ऑस्ट्रेलिया से निकले गए थे चार भारतीय खुफिया अधिकारी

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) की जांच के अनुसार, करीब चार भारतीय खुफिया अधिकारियों को 2020 में ऑस्ट्रेलिया छोड़ने को कहा गया था, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर संवेदनशील रक्षा प्रौद्योगिकी और हवाई अड्डे की सुरक्षा प्रोटोकॉल तक पहुँचने का प्रयास किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चार अधिकारी चुपचाप ऑस्ट्रेलिया छोड़ गए और यह मुद्दा द्विपक्षीय रूप से नहीं बढ़ा।

अधिकारियों के निष्कासन ने भारत को रूस और चीन जैसे देशों के बराबर खड़ा कर दिया है, जो विदेशों में प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए कुख्यात हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया, वे पूर्व और वर्तमान राजनेताओं के साथ-साथ राज्य पुलिस सेवा को भी निशाना बना रहे थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि उन पर ऑस्ट्रेलियाई भारतीय समुदाय की निगरानी करने का भी आरोप लगाया गया था।

रिपोर्ट ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन के प्रमुख माइक बर्गेस द्वारा 2021 में खुलासा किए जाने के वर्षों बाद आई है कि संगठन ने ऑस्ट्रेलिया में जासूसों के एक घोंसले को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। बर्गेस ने कहा था, हमने विदेशी जासूसों का सामना किया और चुपचाप और पेशेवर तरीके से उन्हें हटा दिया। इससे पहले अप्रैल 2024 में, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया कि भारत की विदेशी खुफिया सेवा, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के दो अधिकारियों को 2020 में ऑस्ट्रेलिया से निकाला गया था। इसके बाद, स्कॉट मॉरिसन सरकार द्वारा कई भारतीय अधिकारियों को ऑस्ट्रेलिया से हटाया जा रहा था। मई 2022 में मॉरिसन के बाद एंथनी अल्बानीज प्रधानमंत्री बने। इन रिपोर्टों में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों की निगरानी और उन्हें डराने-धमकाने में भारतीय खुफिया एजेंसियों की कथित गतिविधियों की ओर भी इशारा किया गया। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने तब 2020 की घटना की पुष्टि करने से इंकार किया था, लेकिन उन्होंने हमारे [ऑस्ट्रेलियाई] लोकतंत्र की लचीलापन सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया, जिसमें विदेशी हस्तक्षेप के किसी भी सुझाव का सामना करना भी शामिल है।

## समुद्र में डूबे दो जहाज, 11 की मौत, 66 से ज्यादा लापता, पहले भी हुए हैं हादसे

रोम । प्रवासी नावों में कुछ खराबी आने के कुछ घंटों बाद इटली के तट के पास सोमवार को समुद्र में दो जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। इससे भी इस तरह की घटनाएं सामने आईं हैं। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, इस वर्ष अब तक भूमध्य सागर को पार करते हुए लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं या लापता हो गए हैं। 2023 में 3,155 लोग लापता हो गए थे। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की। कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी। कोस्ट गार्ड ने एक बयान में कहा, नाव के डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है। कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं और जल्द ही मेडिकल टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज खोज अभियान में शामिल हो जाएगा। सोमवार देर शाम तक कोई और जीवित नहीं मिला। जिन 66 लोगों के मरने की आशंका है, उनमें 26 नाबालिग हैं। जीवित बचे लोगों के बयान के अनुसार, यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे। इतालवी अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। नाव भूमध्य सागर के रास्ते यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रही थी।

## अब गायब हुए विमान का पता लगाएगी हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग

### -239 लोगों के साथ लापता हुआ विमान आज भी बना हुआ रहस्य

**लंदन (एजेंसी)।** आज भी दुनिया में कई हवाई जहाज हादसे रहस्य बने हुए हैं। कुछ की जांच पड़ताल अभी भी चल रही है। 2014 में लापता हुए बोइंग 777 की एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रही खोज में रडार, उपग्रह, वायु और सोनार अनुसंधान शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक रिसर्च का मनना है गायब हुए एमएच370 विमान के रहस्य को जल्द सुलझा लिया जाएगा। इसकी वजह एक ऐसी ध्वनि है जो दुनिया को जवाब दे सकती है जिसकी सभी को उम्मीद थी लेकिन अब ऐसा कहा जा रहा है कि कुछ सरल चीज उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सच्चाई को उजागर कर सकती है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कार्डिफ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि उनके हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग है जिसकी बदौलत विमान में सवार 239 लोगों के साथ क्या हुआ, इसका पता चल सकता है। हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग का उपयोग परमाणु विस्फोटों का पता लगाने और समुद्र में दबाव में बदलाव की निगरानी के लिए किया जाता है। फ्लाइट 370 मलेशिया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान थी जो 8 मार्च, 2014 को रडार से गायब हो गई थी। उस समय विमान में 227 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे और इसके लापता होने के बाद हिंद महासागर, ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम से लेकर मध्य एशिया तक खोज अभियान चलाया गया था। मलबे के कुछ हिस्से बहकर आ चुके हैं, लेकिन विमान के लापता होने का स्थान या उसमें क्या गलत हुआ, इसका पता आज तक नहीं चल पाया। विश्वविद्यालय में गणितज्ञ और इंजीनियर डॉ. उसामा कादरी कहते हैं कि विमान के लापता होने के समय पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के केप लीउविन और डिएगो गार्सिया में संयुक्त राज्य अमेरिका के हिंद महासागर नौसैनिक अड्डे पर हाइड्रोफोन काम कर रहे थे। वे कई सवालों का जवाब दे सकते हैं। उनका कहना है कि 200 टन के विमान की दुर्घटना से एक छोटा सा भूकंप आया होगा जिससे हजारों किलोमीटर दूर से भी हाइड्रोफोन को रिकॉर्ड कर सकते हैं।



# लू लगने से विष्णुगढ़ के ट्रक चालक की बिहार में मौत


**विष्णुगढ़** – भीषण गर्मी ने विष्णुगढ़ के ट्रक चालक ललित गंझू (34) पिता धनेश्वर गंझू की जान ले ली।मृतक प्रखंड के भेलवारा पंचायत अंतर्गत बेलवाटांड़ के रहने वाले थे। बताया गया है कि शुक्रवार को बोकारो के खासमहल कोलियरी से ट्रक में कोयला लोड कर डेहरी ओनसोन गए थे। शनिवार को मंडी में कोयला उतारने के लिए ट्रक खड़ाकर ट्रक से उतरते ही वे अचेत होकर गिर पड़े। वहां मौजूद लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह लू लगना बताई गई। रविवार देर शाम उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस के जरिये पैतृक गांव बेलवाटांड़ पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया। पत्नी वसंती देवी के क्रंदन से माहौल ज्यादा गमगीन हो गया। उनके बच्चों के आंसू नहीं थम रहे थे। उसी रात उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। भेलवारा पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो ने देवघर के ट्रक मालिक से बातकर मदत मांगी। ट्रक मालिक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए एक लाख रुपये की सहायता राशि दी।

# इंद्रदेव को रिझाने के लिए अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**विष्णुगढ़** – जानलेवा गर्मी से निजात दिलाने के लिए विष्णुगढ़ देवी मंडप में बारह घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया गया।शुरुआत सोमवार शाम सात बजे हुई थी और समापन मंगलवार सुबह सात बजे हुआ। भीषण गर्मी से जीव मात्र का हाल बेहाल है।आदमी समेत पशु पक्षी त्राहिमाम कर रहे हैं।यह कहते सुना जा रहा है कि यहां ऐसी गर्मी पहले कभी नहीं पड़ी थी। पारा 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। साल दर साल तापमान में रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है।पशु पक्षी पानी की खोज में भटकते फिर रहे हैं।गर्मी का आलम यह है कि विष्णुगढ़ के गोला चौक में एक बछिया सड़क पर चलते हुए गिरकर दम तोड़ दी।आसपास के लोग पानी की बाल्टी लेकर दौड़े और उसपर पानी उड़ेलने लगे, मगर उसकी जान नहीं बच पाई।घटना सोमवार की है।कहा जा रहा है कि उसकी मौत लू लगने की वजह से हुई। हालात बहुत भयावह है। कभी न सूखने वाले कुएं भी सुख चुके हैं।जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।ऐसे में अब सबकी उम्मीदें ऊपर वाले पर टिक गई हैं।यही वजह है कि यहां के ऐतिहासिक देवी मंडप में इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए अनुष्ठान किया गया।इस उम्मीद के साथ कि उनकी कृपा होगी और झमाझम बारिश के बाद सब राहत की सांस ले सकेंगे।

# परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरों ने मचाया तांडव





**विष्णुगढ़** – परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय का तोड़कर सामानों की चोरी कर ली और कार्यालय को उलट पलटकर रख दिया।चोरी गए सामानों में सीसीटीवी, इन्वर्टर, बैट्री, पंखा, वाल घड़ी, साउंड बॉक्स, माइक समेत दूसरी चीजें शामिल हैं।मंगलवार को स्कूल खुलने के बाद चोरी की घटना की जानकारी मिली।इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाना को दे दी गई है।चोरी के क्रम में चोरों ने अलमारियों के लॉक तोड़कर पूरा खंगाला। कागजों को छितरा दिया गया। कुर्सी पर चढ़कर वाल फैन खोला और उसे साथ ले गए।चोरों ने पूरी निश्चिंतता से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।पहले भी इस स्कूल में चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं।असामाजिक तत्वों का भी यह स्कूल पसंदीदा जगह रही है। शराबियों के लिए रात में यह मयखाना बन जाता है।संभावना जताई जा रही है कि इन्ही तत्वों ने विद्या के इस मंदिर को निशाना बनाया है।अबतक पिछली चोरियों का उद्भेदन नहीं हो पाया है।इसी वजह से चोरों के हौसले बढ़े हैं।

# भीषण गर्मी के बीच खुला स्कूल, एक बच्चे की बिगड़ी तबियत





**चौपारण** – भीषण गर्मी के बीच राज्यभर के सभी स्कूल मंगलवार से खुल गए। लंबी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने के पहले दिन प्रखण्ड के भी बच्चे काफी उत्साहित दिखे। सभी स्कूलों में बच्चों की उपस्तिथि भी अच्छी रही। पर भीषण गर्मी का भी असर देखने को मिला। मंगलवार को प्रखण्ड का तापमान 41 - 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। अधिकांश समय बिजली के आंख मिचौली से बच्चे व शिक्षक भी पसीने से भींगते दिखे। वहीं प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय रूपिन का एक छात्र का तबियत गर्मी के कारण अचानक बिगड़ गया। विद्यालय के क्लास 1 का छात्र पीयूष कुमार के नाक से अचानक ब्लीडिंग होने लगा। जिसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने बेंच पर लेटाया। तब नाक से ब्लीडिंग बन्द हुआ। उसके बाद शिक्षकों ने बच्चे को ग्लूकोन डी व पानी पिलाया। और अभिभावक को बुलाकर बच्चे को घर भेज कर धूप में बाहर नहीं निकलने को कहा। वहीं पहले दिन स्कूलों में छुट्टी के समय को लेकर भी उहापोह की स्तिथि बनी रही है। बतादें कि अधिक गर्मी से शरीर मे पानी की कमी हो जाती है। साथ ही बाहरी वातावरण का तापमान जब शरीर के तापमान से अधिक हो जाता है तो बच्चों में असर दिखने लगता है।

# भक्तों ने अंगारों पर चलकर दिया आस्था का परिचय , पीठ में कील लगाकर 40 फीट ऊंचे लट्ठे से की परिक्रमा

**अमित मालाकार**




**बड़कागांव** – हरली गावँ में मंडा पूजा, बनस मेला मंगलवार की सुबह भक्तों के परिक्रमा के पश्चात संपन्न हो गया। कुल 25 शिव भगतों द्वारा पीठ में कील लगाकर 40 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा किया। परिक्रमा के दौरान भक्तों के द्वारा प्रसाद स्वरूप फूल की वर्षा की गई जिसे लपकने के लिए हजारों लोग ललायित नजर आए। इसके पूर्व सोमवार रात दर्जनों शिव भक्तों द्वारा दहकते अंगारों पर चलकर आस्था का परिचय दिया और बड़ी खुशी खुशी चेहरे पर मुस्कान लिए शिव पार्वती का गीत गाते हुए अंगारों पर चलकर पार किया। जहा एक ओर हरली ग्राम के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों लोगों का जनसैलाब जागरण व झांकी देखने में मशगुल थे वहीं दूसरी ओर दर्जनों शिव भक्त एवं उनके सहयोगी लोहटन पूजा, अंगारों पर चलना, 40 फीट ऊंचे ऊपर परिक्रमा करना एवं रात भर शिव पार्वती के ग्रामीण गीतों से पूरा गांव भक्ति विभोर था तथा आस्था के कई मिसाल प्रस्तुत किए गए। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा तथा एक दूसरे से मिलकर मंडा मेला व पूजा की शुभकामनाएं दी। जिसमें मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, वरिष्ठ आजसू नेता रोशन लाल चौधरी, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी आदि शामिल थे। वही विधि व्यवस्था को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल अपनी नजर रखे हुए थे।

उक्त कार्य को संपन्न कराने में हरली पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संगठन मंत्री त्रिवेणी महतो, संयोजक मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी, पुजारी शबुर महतो, राजेश पंडित,पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, महेंद्र महतो ,सुरेश कुमार दांगी, भुवनेश्वर महतो, भागीनाथ महतो, कन्हाई कुमार, नरेश कुमार दांगी, विधी साव, सुंदर महतो, वासुदेव दांगी, नरेश महतो, रामप्रसाद महतो, गणेश करमाली ,लोकनाथ महतो, परमेश्वर महतो, प्यारी महतो, समेत दर्जनों महल्दार एवं सैकड़ो ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

### कौन-कौन शिव भक्त हुए शामिल

कलश स्थापना के उपरांत एक एक कर पूजा में शामिल हुए और आस्था का परिचय दिया जिसमें मुख्य रूप से अजय भगत, बीरबल भगत, मुन्ना भगत ,विकास करमाली ,अमित भगत, विजय भगत, आकाश भगत, धोनी भगत, सचिन भगत ,कृष्ण भगत ,तुलसी भगत, कुंदन भगत, विनय भगत,विशाल भगत, पंकज भगत, रतन भगत ,आकाश भगत, रंजीत भगत, अनिल भगत, परमेश्वर भगत, दीपक भगत, मन्नू भगत एवं सोना राणा का नाम शामिल है।

# चेपाकला मे मंडा पूजा संपन्न, श्रद्धालुओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर दिया आस्था का परिचय



**बड़कागांव** – बड़कागांव चेपाकला में मंडा पूजा बनस मेला का आयोजन किया गया।मंडप पूजा सोमवार देर शाम से शुरू होकर मंगलवार सुबह 9:00 बजे संपन्न हुआ।रात्रि में श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ के पश्चात दहकते अंगारे में नंगे पांव चलकर भक्ति का परिचय दिया। दूसरे दिन मंगलवार सुबह 40 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी विशिष्ट अतिथि चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। जय माता दी रांची से आए हुए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया गया।जिसे देखकर लोगों ने खूब सराहा।सुबह सूरज निकलने के पश्चात सबसे पहले भक्तों के संबंधियों ने कलश लेकर बारी-बारी से पूजा कर कतारबद्ध तरीके से खड़े हुए।और भक्तजनों को आम के पत्तों से कलश के जल का छिड़काव किया।तत्पश्चात झूलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई और भक्त को लकड़ी के झूले पर बांधकर लोक कल्याण के फूल बिखरने का शुरुआत की गई।इसके बाद दर्जनों भक्ताओं ने पारी-पारी से झूलन कार्यक्रम को पूरा किया।

# सेवा सहयोग समिति के द्वारा डेढ़ सौ से भी अधिक जगहों पर चापाकल को किया गया मरम्मत



**हजारीबाग** – जल ही जीवन है और इसके बगैर जीवन अधूरा है कहा जाता है कि जीवन में कुछ मिले ना मिले दो घुट पानी मिल जाए तो वही जिंदगी की एक दिन गुजर जाती है इसी दृष्टिकोण से सेवा सहयोग समिति ने पूरे गर्मी में ग्रामीणों का सेवा किया,सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल को मरम्मत एवं नया लगाया गया भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से ग्रामीण जूझ रहे थे ऐसे वक्त पर उनका मसीहा बनकर सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सामने आए। जल ही जीवन है इसी दृष्टिकोण से हर्ष अजमेरा ने तत्काल रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में पानी की सुविधा परिपूर्ण कराई उनका लक्ष्य है कि सदर विधानसभा क्षेत्र के कोई भी ग्रामीण पानी की किल्लत से परेशान न हो, यहां तक की श्री अजमेरा के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में कार्यालय संचालित किया गया है ताकि प्रखंड में निवास करने वाले लोगों को कोई तकलीफ ना हो। हर्ष अजमेरा ने कहा की जल ही जीवन है, इसी दृष्टिकोण से कार्य किया गया है ताकि ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी की कीमत से जूझना ना पड़े, सभी प्रखंडों में कार्यालय संचालित है ग्रामीणों के द्वारा आए समस्याओं को तत्काल रूप से हल किया जा रहा करीब डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल का मरम्मत एवं नया लगाया गया ग्रामीणों के चेहरे पर काफी खुशी देखने को मिली है कई प्रखंडों में 10-10 दिन तक पानी की किल्लत से लोग परेशान रहे, पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में पानी की किल्लत दिन पर दिन बढ़ती जा रही और ऐसी स्थिति में चापाकल भी उनके साथ नहीं दे रहा है हमारी टीम हर वक्त लोगों की सेवा में तत्पर रही और सूचना के साथ ही चापाकल को तत्काल रूप से ठीक किया गया है। साथ ही कहा की ग्रामीणों को नहीं होगी कोई तकलीफ सदैव में साथ हूं।

# पांच दिवसीय ओपन समर कैंप ताइक्कांडो प्रतियोगिता का हुआ समापन



**हजारीबाग** – गर्मी की छुट्टी समापन की ओर है और ऐसे में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं वही इसी बीच कार्यक्रम की समापन समारोह भी हो रहा है, संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसका समापन सोमवार को किया गया,इस कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्कांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ था, वही समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए, हजारीबाग ताइक्कांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत किया गया, कोच के रूप में ज्योति यादव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी एवं चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई है। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को पौधा देकर सम्मानित किया गया, इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष रखा इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी राज्य स्तर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखलाएंगे। अंत में सभी प्रतिभागियों के साथ एक सामूहिक तस्वीर ली गई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी अवश्य हजारीबाग तथा झारखंड का नाम रोशन करेंगे,ताइक्कांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। साथ ही कहा की आप सभी खिलाड़ियों के साथ आपका बड़ा भाई बनकर मैं खड़ा हूं,किसी भी तरह की कोई तकलीफ होने पर सीधा संपर्क करें।

# विभावि के सेवानिवृत शिक्षकों ने कुलपति को बुके देकर जताया आभार




**हज़ारीबाग़** - विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सेवानिवृत शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डॉक्टर परमानंद महतो,डॉ अनवर मलिक और डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह की अगुवाई में कुलपति सुमन कैथरीन किस्पोटा को बुके देकर आभार प्रकट किया। कार्यालय में कुलपति से मुलाकात कर अवकाश प्राप्त शिक्षकों ने कहां कि वर्षों से लंबित ग्रेच्युटी के मामले का निष्पादन कर शिक्षकों के मान सम्मान को उन्होंने संरक्षित रखा है। शिक्षकों ने यह भी कहा कि कुलपति महोदया ने प्रभारी शब्द के मिथक को तोड़ने का काम किया है और पिछले वर्ष विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जो घोषणा की थी उसे पूरा करते हुए शिक्षकों के आत्मविश्वास को लौटाने का काम किया है। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। डॉ चंदन कुमार, डॉ प्रमोद कुमार, डा.अखिलेश्वर दयाल सिंह, डॉ रणधीश कर्ण समेत कई शिक्षकों ने कुलपति के प्रति आभार जताया है तथा कहा है कि उन्होंने शिक्षकों की प्रतिष्ठा की रक्षा करते हुए विश्वविद्यालय की कार्य संस्कृति को नई दिशा प्रदान की है।

मौके पर कुलपति ने कहा कि उन्होंने जो घोषणा की थी उसे पूरा करने की मात्र कोशिश की है।इस में विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह की भूमिका विशेष रूप से रही है। कुलपति ने विश्वविद्यालय की पूरी टीम को इस नेक काम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि आप सभी शिक्षकों की संवेदना मेरे साथ है और रहेगा।

**सराहनीय प्रयास**

# सेवा सहयोग समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**हजारीबाग** – सामाजिक क्षेत्र में एक अलग पहचान स्थापित करता नजर आ रहा है। सेवा सहयोग समिति सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंड में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, इसी निर्णय के बीच प्रथम चरण में कटकमदाग में आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पंचायत भवन, सलगांवा में आयोजित किया गया जिसका भव्य उद्घाटन सलगांव पंचायत मुखिया मधु रानी, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, मोंटी राणा,वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी, सरिता देवी,संगीता देवी, सविता देवी,पुर्व मुखिया उदय कुमार साव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ स्वास्थ्य शिविर में करीब 500 से भी अधिक लोगों ने लाभ लिया, 30 तारीख तक कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा,इसके बाद द्वितीय चरण तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण में अन्य प्रखंडों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा इस भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन के रूप में चिकित्सा मौजूद रहे वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की जांच करते हुए उन्हें बेहतर सलाह दिया साथ ही लोगों को निशुल्क दवाइयां वितरण की गई, जांच शिविर के दौरान आने वाले मरीज के बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उत्तम व्यवस्था की गई जिसमें शुद्ध पेयजल, धूप से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर एवं पल्स एवं वजन का निशुल्क जांच किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक निरंतर रूप से चलते रहा है, शिविर में बुजुर्ग महिला पुरुष के साथ ग्रहणी महिलाओं में शिविर को लेकर उत्साह नजर आया।

मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरे परिवार है लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा निरंतर ग्राम स्तर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया जाता है। सदर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य के परिप्रेक्ष्य में इस प्रकार के आयोजन हमेशा होते रहेंगे, इससे क्षेत्र के लोग स्वस्थ रहेंगे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में 17 वीं पीएम - किसान योजना की शुरुवात की गई : सासंद



**बलियापुर।** मंगलवार को बलियापुर के कृषि विज्ञान केंद्र में धनबाद के सांसद ढूलु महतो के करकमलों द्वारा दीप प्रजवल्लित कर 17 वीं पीएम - किसान योजना की शुरुवात की गई। संसाद के साथ द्वीप प्रज्जविलत करने में कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी सह वरिय वैज्ञानिक डॉक्टर ललित कुमार दास, देवकांत प्रसाद (वैज्ञानिक), ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, किसान लक्ष्मी देवी लोग सामिल हुए। वैज्ञानिक ललित कुमार दास ने सांसद को फूल का बुके एवं सॉल देकर कृषि विज्ञान केंद्र में स्वागत एवं अभिनन्दन किया, उपरांत घनश्याम ग्रोवर को भी फूल का बुके देकर स्वागत किया गया। आपने अभिभाषण में सांसद ने जाति, भाषा, बाहरी - भीतरी आदि का बोध हटाकर एक होकर राष्ट्र की सेवा भाव से प्रेरित होकर कार्य करने को कहा। श्री महतो ने विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सादगी, आध्यात्म और देशप्रेम से ओतप्रोत रह कर देश सेवा एवं जन सेवा करने की बात कही, जो सर्वोपरी है। सांसद ने आगंतुक सभी किसानों के साथ वाराणसी से प्रसारित प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव सुना एवं कार्यक्रम के अंत में कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में फलदार इलाहबाद सफेदा अमरुद का पौधा लगाया। मौके पर डॉ सीमा सिंह (वैज्ञानिक), डॉ राजीव कुमार (वैज्ञानिक), रमन कुमार श्रीवास्तव, श्यामल सरकार, संजय कुमार के अलावा मुख्य रूप से किसानों में कुर्बान अंसारी, गरिधारी महतो, मीणा देवी, सीमा देवी सहित सैकड़ों किसान एवं भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# रैयतो ने जमीन के बदले नियोजन की मांग को लेकर साकारमास जोइंट्स वेंचर आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम किया

## बंदी को देख प्रशासन थे एलर्ट, नहीं हुई कोई अप्रिय घटना

**धनबाद /** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बांसजोडा गडेरिया बस्ती के रैयतो ने साकारमास जोइंट वेचर आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम किया जिला प्रशासन के द्वारा 144 धारा लगाने के बावजूद भी रैयतो ने 144 का उल्लंघन करते हुए सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुषों ने आउटसोर्सिंग कंपनी का काम को बाधित किया गौरतलब है कि बाँसजोडा गडेरिया बस्ती के रैयतो ने वहां कार्य कर रहे साकारमास आउटसोर्सिंग कंपनी मे जमीन के बदले नियोजन की मांग कर रहे थे लेकिन कंपनी के द्वारा कई दौर के वार्ता के बाद भी रैयतो को नियोजन नही दिया गया कंपनी मे नियोजन नही मिलने के कारण ग्रामिण रैयत कंपनी से काफी क्षुब्ध थे फलस्वरूप ग्रामीण रैयतो ने 18 जून को कंपनी को बन्द करने का ऐलान किया 17 जून को ही जिला प्रशासन के द्वारा 144 धारा लगा दिया गया 18 जुन के सुबह से ग्रामीण रैयत साकारमास आउटसोर्सिंग कंपनी के पास सैकड़ो की संख्या में जमा होने लगे भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बाद भी रैयतो ने धारा 144 का उल्लंघन करते हुए साकरमास आउटसोर्सिंग परियोजना में प्रवेश कर कंपनी के काम को पूर्णता बंद करवाया स्थिति विस्फोटक न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन बन्द



समर्थक और कंपनी के समर्थको को समझाते नजर आए धनबाद के आरक्षी उपाधिक्षक विधि व्यवस्था दीपक कुमार परियोजना स्थल पर मौजूद थे और दोनों ही पक्षों को समझाने बुझाने का कार्य कर रहे थे करीब दो घंटा तक कंपनी बंद रहने के बाद बंद समर्थकों को वार्ता के लिए एरिया पांच के महाप्रबंधक के कार्यालय में वार्ता हुई जिसमें बीसीसीएल प्रबंधनों के द्वारा दस दिन का समय लिया गया उसके बाद आउटसोर्सिंग का काम दोबारा शुरू हुआ अब सवाल यह उठता है कि परियोजना स्थल में धारा 144 लगने के बावजूद भी रैयत ग्रामीणों के द्वारा बंदी का ऐलान किया गया था और वह धारा 144 का उल्लंघन करके वह बंद को सफल करने में प्रयास में रहे और बंदी उन्होंने किया भी लेकिन दूसरी तरफ से कांग्रेस पार्टी का झंडा लिए और मुंह में नकाब ढके हुए आखिर वह कौन लोग थे जो कांग्रेस जिंदाबाद का नारा और ढुल्लू महतो को मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे क्या उन लोगों पर धारा 144 का उल्लंघन का मामला दर्ज नहीं होना चाहिए

आरक्षी उपाधिक्षक दीपक कुमार का कहना है कि बांसजोडा बस्ती के स्थानीय लोगो ने अपनी कुछ मांगो को लेकर कंपनी का चक्का जाम किया स्थानीय लोगो का एक पांच सदस्य की टीम एरिया पांच महाप्रबंधक के कार्यालय में वार्ता के लिए गई है धारा 144 का उल्लंघन हुआ है और दोनों पक्षों पर कार्रवाई की जाएगी उधर ग्रामीण सुरज महतो का कहना है की बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा दस दिन का समय लिया गया है अगर दस दिनों के अन्दर बीसीसीएल प्रबंधन रैयतो की मांग पर बिचार नही करती है तो ग्रामीण फिर से उग्र आन्दोलन करने के लिए वाध्य होगी

# चाकू बाजी की घटना में एक युवक घायल, बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर

**बोकारो .** बालीडीह थाना क्षेत्र के गोड़ाबाली के नीचे टोला में रड और चाकू से हमला कर एक 25 वर्षीय युवक को जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में संबंधित थाने में पांच युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि गोड़ाबाली के नीचे टोला निवासी विनीत राज सिंह , ट्रांसपोर्टर को स्थानीय युवक रितेश सिंह ने फोन कर धमकी दिया । जिसे विनीत ने हल्के में लिया और फोन करने वाले को अपने आवास के निकट बुला लिया। आवास के निकट आए युवकों ने रॉड और चाकू से विनीत पर हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रुप से घायल हो गए। विनीत को इलाज के लिए जैना स्थित एक अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। घटना के संबंध में विनीत ने बताया कि कुछ माह पूर्व उनके बाइक से रितेश की बेटी का एक्सीडेंट हो गया था जिसके इलाज के लिए उन्होंने करीब डेढ़ लाख रुपया भी अदा की। इसी को लेकर रितेश सिंह और रुपए रूपये की मांग कर रहा था। इसी कारण से उनके ऊपर दबाव बनाने की मंशा से हमला किया गया। दूसरे पक्ष रितेश सिंह सिंह की ओर से भी मामला दर्ज कराया गया है।

# दिवाल तोड़ कर घर में घुसा चोर, नगदी व जेवर पर किया हाथ साफ

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक युवक हिरासत में



**चैनपुर (गुमला) ॰** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के बाजार रोड स्थित कुसुम देवी के घर में सोमवार की आधी रात लगभग 11॰30 बजे चोरों ने घर के पीछे का दीवाल तोड़कर घर में रखे 20 से 25 हजार रु नगद व चांदी के पायल आदि को चुरा ले गए। वहीं घर में रखे बक्सा को भी टांगी से मार कर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए कुसुम ने बताया कि अत्यधिक गर्मी लगने के कारण वह रात 9॰00 बजे के बाद दूसरे के घर में सोने के लिए चली जाती थी। उसने बताया कि घर में बिजली नहीं रहने के कारण पिछले एक सप्ताह से वह दूसरे के घर में जाकर सोती थी । सुबह आकर देखा तो दीवाल टूटा हुआ है । घर का बक्सा को भी तोड़ दिया है। मैंने रखे हुए पैसे को जाकर देखा तो पैसे भी गायब थे। चांदी के पायल और जेवरात रखे हुए थे । उसे भी चोरों ने चोरी कर लिया । इसके बाद इसकी सूचना आज पड़ोस के लोगों को दी। इसके बाद घटना की सूचना चैनपुर थाना को दी गई चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे । वहीं बगल के डीबी स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बगल के एक युवक रूपेश कुमार उर्फ रुनु को पुलिस उठाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने कहा कि चोरी का खुलासा जल्द ही किया जाएगा।

# नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, जेल

**हजारीबाग –** कोर्रा थाना क्षेत्र में होटल में ले जाकर नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म किए जाने और वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चौपारण के सिंघरावा निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस ने मेडिकल टेस्ट करवाकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया गया है कि आरोपी अपने फुफेरी बहन को बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया और वहां 4 घंटे तक रखा। होटल में दुष्कर्म के बाद उसे शहर स्थित उसके कमरे तक छोड़ दिया। रूम में अचानक उसकी तबियत बिगड़ी फिर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज किया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। महिला पुलिस के द्वारा लड़की का फर्द बयान लिया गया। आरोपी की तलाश में पुलिस विभिन्न ठिकानों पर छापामारी कर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर थाने ले आई। प्राप्त खबर के मुताबिक पीड़िता 16 वर्षीय नाबालिक आरोपी के साथ आर्केस्ट्रा में भी काम करती थी। बताया गया है कि आरोपी के द्वारा पहले जबरन अपने पास बुलाया गया। जब वह इंकार की तो दो लड़की को भेज कर डराया धमकाया गया। उसके बाद रविवार की सुबह लड़की को लड़के के द्वारा उसके क्वार्टर से जबरन मोटरसाइकिल में बिठाकर ले जाया गया। दुष्कर्म के बाद लड़के के द्वारा घटना की सूचना माता-पिता को नहीं दिए जाने को लेकर धमकी दी गई।

# विद्युत की समस्याओं को लेकर विधायक आवास पर दिया धरना




**चास ॰** बोकारो एवं चास में विद्युत आपूर्ति में कटौती,अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवास पर धरना शुरू हो गई है।धरना का नेतृत्व बोकारो विकास फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह कर रहे हैं। उन्होने कहा कि विधायक तथा सांसद ढुल्लू महतो ने संयुक्त रूप से कहा था कि बिजली दो दिनों के बाद से 23 घंटे मिलनी शुरू हो जाएगी,लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उन्होने कहा कि भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में भी विद्युत आपूर्ति शामिल था,जनता ने इन्हे वोट दिया इसलिए इन्हे आपूर्ति सुनिश्चित करानी होगी। उन्होने कहा कि जमीन हमारी,कोयला हमारी लेकिन झारखंड में ही बिजली नहीं है। उन्होने कहा कि मजाकिया लहजे में कहा कि राजा साहब सो रहे हैं, जनता बेचैन है,हमने आंदोलन का शंखनाद कर दिया है।जनता अब चुप चाप नहीं बैठेगी, हमे बिजली चाहिए।विधायक यह सुनिश्चित करें कि कैसे नियमित रूप से बिजली जनता को मिलेगी,चूंकि जनता से आपने वायदे किए हैं उसे पूरा करना होगा।धरना में मुख्य रूप से उपस्थित थे फोरम के प्रधान महासचिव मुकेश सिंह, संयुक्त सचिव शिवकुमार जायसवाल, सचिन सिंह,वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद शमशाद हुसैन, इरफान खान,वासुदेव कुमार, राजेश साहनी, विनोद टुडू, भीम कुमार, सुरेंद्र रजवार, विजेंद्र हेंब्रम, अजय कुमार महली, शकील खान इत्यादि लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र से उपस्थित थे।

# रक्तदान कर पंकज साबू ने किया जरूरतमंद महिला मरीज की सहायता



**गुमला ॰** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य पंकज साबू ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर एक जरूरतमंद महिला की सहायता की। उनका कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए । जिससे हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम होता है । इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, संजीव मलानी,रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

# 200 किसानों ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि का 17 वीं किस्त जारी किये जाने का लाइव प्रसारण देखा

**बिशुनपुर(गुमला) ॰**जिला विज्ञान केंद्र गुम विकास भारती बिशनपुर के द्वारा मंगलवार को भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त किसानों के बैंक खातों में भेजा गया द्य यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस सेकिया गया जिसका लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र के प्रांगण में लगभग 200 किसानों ने देखा । इस कार्यक्रम में डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि किसानों के लिए काफी उपयोगी होगी । क्योंकिइसके माध्यम से इस समय किसान खरीफ का बीज ले सकेंगे । विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय खरीफ की बुवाई का समय आ गया है ।

# गुमला जिला महिला पतंजलि योग समिति का पुनर्गठन, बहन प्रियंका बनी जिला प्रभारी






**गुमला ॰** मंगलवार को लक्ष्मी मंदिर पालकोट रोड गुमला में गुमला जिला महिला पतंजलि योग समिति की बैठक संपन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड महिला पतंजलि योग समिति की प्रभारी बहन सुधा जी उपस्थित थी । बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला पतंजलि योग समिति को पूरे जिला में विस्तार देना एवं योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित कराना है। बैठक को संबोधित करते हुए बहन सुधा जी ने परम पूज्य स्वामी रामदेव जी के योग एवं आयुर्वेद से जन-जन को लाभ पहुंचाने की बात कही । बैठक में महिला पतंजलि योग समिति का पुनर्गठन किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से बहन प्रियंका जी को महिला पतंजलि योग समिति का जिला प्रभारी का दायित्व दिया गयाइसी प्रकार सर्वसम्मति से गुड़िया उधर को महामंत्री का दायित्व दिया गया । प्रीति वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया एवं बहन सीता जी को संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया । बहन अनीशा जी को सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया । बंटी देवी जी संवाद प्रभारी बनी । बहन राधा जी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की महामंत्री बनी । रीना देवी को यज्ञ प्रभारी का दायित्व दिया गया । वहीं पर बसिया के प्रखंड प्रभारी के रूप में सुधा देवी का चयन हुआ और तारामणि जी को बसिया प्रखंड का महामंत्री बनाया गया । बैठक में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी भोला प्रसाद, बसिया प्रखंड प्रभारी संतोष साहू, आनंद प्रसाद गुप्ता, गौतम साहू,प्रभादेवी, सुनीता देवी, श्रुति देवी, ज्योति देवी, लक्ष्मी देवी के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई ।

# नशेड़ी बेटे ने लाठी से पीट कर अपनी मां को ही मार डाला, गिरफ्तार



सिसई (गुमला)॰सिसई थाना क्षेत्र के थाना टोली में सोमवार की रात्रि एक बेटा नें अपनी सगी मां की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि सोमवार की रात्रि 48 वर्षीया बेनामी देवी का 22 वर्षीय बेटा पंकज उरांव और बेटी मोनिका कुमारी के साथ घर में खाना खाने के पूर्व किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया । पंकज गुस्से में आकर अपनी बहन को मारने पीटने के लिए दौड़ाया तो मां बेटी डर से घर से भाग गयी ।कुछ देर बाद मोनिका अपनी मां को घर पहुंचा दी एवं स्वयं दूसरे के घर में सोने के लिए चली गई । जिसके बाद रात में घर में ही 22 बर्षीय पंकज उरांव अपनी मां बेनामी देवी को लाठी डंडे पीटकर और गला दबाकर हत्या कर दी एवं खुद निश्चिंत होकर दूसरेकमरे में सोने चला गया। मंगलवार की सुबह मोनिका घर गई तो उसकी मां अचेतावस्था मे पडी हुई थी। उसनेमां -मां कहकर चिल्लाने लगी । जब बेनामी देवी ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की तो उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। आसपास लोग जुटे तो देखें कि उसकी मां की मौहो चुकी है। भाई पंकज उरांव दूसरे कमरें में सोया हुआ था।ग्रामीणों ने उसके कमरे में बाहर से ताला लगा कर सिसई थाना को सूचना दी। सिसई पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर हत्यारा बेटा पंकज उरांव को गिरफ्तार कर थाना ले आयी ।शव को अंत्यपरीक्षण लिए गुमला भेज दी। यह घटना सिसई में दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि बेनामी देवी की पति की मौत 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है। बेनामी देवी आपने चार बच्चों का मजदूरी कर भरण पोषण करती थी। पंकज बड़ा लड़का है। वह ईंट भट्ठे में मजदूरी करने जाता है।15 दिन पुर्व ईट्ट भट्ठा कमाकर घर लौटा था और दिन भर इधर-उधर गांजा और शराब के नशे में रहता था और रात में हर रोज अपनी मां के साथ झगड़ा किया करता था। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि पंकज नशेड़ी है 3।वह लाठी और लप्पड़ थप्पड़ से मार कर हत्या किया है ।उससे पूछताछ किया जा रहा है। पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुछताछ के लिए पंकज के दोस्त प्रवीण उरांव को हिरासत में लिया गया है।

# विद्यालय से तीन सोलर प्लेट की चोरी



**बाघमारा।** बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय झगराही में चोरों ने स्कूल के छत पर लगा तीन सोलर पैनल पर किया हाथ साफ। घटना के संबध में बताया जाता है की गर्मी के छुट्टी के कारण एक सप्ताह से विधालय बंद था। मंगलवार को विधालय के प्रधानाचार्य जब स्कूल खोलने पहुंची तब देखा कि छत पर लगा तीन सोलर पैनल गायब था। प्रिंसिपल आशा देवी ने चोरी की सूचना बरोरा पुलिस व प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी है। । सूचना मिलते ही बरोरा पुलिस स्कूल पहुंचकर मामले की छानबीन की। प्रिंसिपल ने बताया कि गर्मी के कारण सोमवार तक विद्यालय बंद था। मंगलवार को जब विद्यालय खोला तो देखा कि हैंडपंप का सोलर पैनल गायब था।

**15 वे वित्त से सात माह पहले लगा था सोलर पैनल :** विद्यालय में पेयजल की सुविधा को लेकर मुखिया ने 15 वे वित से सात माह पहले लगाया था सोलर पैनल प्लेट। भीषण गर्मी में सोलर पैनल चोरी होने से विद्यालय में पठन पाठन करने वालो बच्चो पर पीने के पानी पर संकट उत्पन्न हो गया है।

# नगर परिषद के प्रशासक से मिले चेंबर के सचिव बबलू वर्मा

## निवर्तमान वार्ड पार्षदों को पूर्व की भांति कार्य दायित्व सौंपने की मांग




**गुमला ॰** गुमला चेंबर ऑफ कामर्सके सचिव बबलू वुतर्मा ने गुमला नगर परिषद क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं व उसके निराकरण के लिए परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात में गुमला शहरी क्षेत्र मे व्याप्त समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि नगर परिषद का चुनाव पिछले एक साल से लंबित है। ऐसी परिस्थिति में निवर्तमान वार्ड पार्षदों को पूर्व की भांति कार्य करने की अनुमति दी जाए । इससे आम जनता को बिजली,पानी,साफ-सफाई व वार्डो की अन्य समस्याओं के निराकरण में काफी सहायता मिलेगी। इस संबंध में श्री वर्मा ने प्रशासक को एक ज्ञापन भी सौंपा।

# बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**बालूमाथ ।** बालूमाथ,बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड में इन दिनों बिजली की आंख मिचोली से उपभोक्ता परेशान है ।बिजली विभाग की लापरवाही के कारण पूरे दिन रात मिलाकर महज 5 से 6 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इधर उमस भरी गर्मी एवं बालूमाथ का तापमान 41/42 डिग्री होने के बावजूद बिजली का कटौती करने से लोग काफी आक्रोशित है ।उपभोक्ताओं ने कहा कि चुनाव से पहले झारखंड सरकार लोगों को लुभाने के लिए नियमित बिजली दे रही थी ।लेकिन जैसे ही चुनाव समाप्त हुआ की बिजली कटौती होना आरंभ हो गया। उपभोक्ताओं ने कहा कि बालूमाथ के कई मोहल्ले में कभी-कभार बिजली आती भी है ।तो लो वोल्टेज की समस्या से लोग अपने अपने घरो में पानी तक नहीं चढ़ा पा रहे हैं। लो वोल्टेज की समस्या दिवाकर नगर,गेरवाताड़ ,बड़का बालूमाथ,रेंज ऑफिस के पीछे समेत कई मोहल्ला शामिल है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए 200 यूनिट तक बिजली तो फ्री कर दिया है ।लेकिन दुशरी तरफ बिजली ही गायब कर दिया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर बिजली में सुधार नहीं होता है तो शीघ्र ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा ।इस संबंध में बिजली मिस्त्री रूपनारायण साव ने कहा कि ऊपर से ही पावर काम मिल रहा है इसलिए कटौती की जा रही है।

# सीएसआर समिति की बैठक

**सीएसआर मद से किए जा रहे कार्यों में गति लाने का निर्देश**



**हज़ारीबाग़** – हज़ारीबाग़ उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सी0एस0आर0 समिति की बैठक की गई। इस बैठक में संबंधित कम्पनियों को जनोपयोगी योजनाओं को प्रशासन को सूचना देकर करने का निदेश दिया गया। ताकि योजना की डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर चालू योजनाओं को समय से पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने पिछ्ले पाँच वर्षों में जिला में संचालित कम्पनीयों के द्वारा किये गये कार्यों की विवरणी तथा एनुअल एक्शन प्लान के तहत् कार्य योजना से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उपायुक्त ने चिकित्सा, शिक्षा एवं पोषण से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर मद से कई अच्छे कार्य किए जा रहे है इसलिए उन कार्यों को कंपनियां जारी रखे।

# भू-धारकों से सहयोगात्मक व्यवहार रखें: उपायुक्त



**हज़ारीबाग़** – हज़ारीबाग़ उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में 18 जून को समाहरणालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक को अधिग्रहित भूमि के भू स्वामियों को ससमय मुआवजा की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जमीन अधिग्रहण के दौरान भूधारकों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए। उन्होंने विवाद रहित भूमि को ही एंक्रोच करने तथा मुआवजा भुगतान के बाद ही जमीन अधिग्रहण की कारवाई करने को कहा। उन्होंने बताया कि एनएच का नक्शा और भू अर्जन के नक्शे में विभिन्नता की शिकायत पर अनुमंडल व अंचल स्तर पर जांच के आदेश दिए गए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुआवजा भुगतान के बाद ही अतिक्रमण हटाया जाए।

# आजसू जिला समिति की बैठक

## 22 जून को आजसू पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी



**गुमला** – आजसू पार्टी गुमला जिला समिति की एक आवश्यक बैठक स्थानीय परिसदन गुमला में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से आगामी 22 जून 2024 को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस दिन बलिदान दिवस के साथ साथ 1000 युवाओ के साथ युवा सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा। स्थापना दिवस का कार्यक्रम गुमला के तीनों विधानसभा स्तर पर गुमला, सिसई और बिसुनपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के उपरांत प्रचंड गर्मी को देखते हुए तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 100 की संख्या में वृक्षारोपण किया जायेगा। 25 जून तक सभी विधानसभा में चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्णय लिया गया। 26 जून से 26 जुलाई तक झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुखों का शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम चलेगा। आजसू का कॉल सेंटर 24×7 खोला जायेगा, जिसमें 2 महिला और 2 पुरुष अपना योगदान देंगे। तत्पश्चात 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो के3प शहादत दिवस के दिन मोराबादी राँची में 1 लाख युवाओ का सम्मलेन होगा। 09 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में विश्व आदिवासी3 दिवस मनाया जायेगा। 15 अगस्त को झंडोतोलन के पश्चात 16 अगस्त से 02 अक्टूबर तक पुरे 81 विधानसभा में पार्टी के सुप्रीमों श्री सुदेश कुमार महतो जी का पदयात्रा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला महाचिव आनंद गुप्ता, केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर, सचिन भगत, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मनदीप महली, राहत अफ़ज़ा, बजरंग गोसाई, मिन्हाज़ खान, गोलु श्रीवास्तव, मनोज कुमार, दिलबाग कुमार, पिंकी कुजूर, माधुरी एक्का, दीप्ती रोश लकड़ा, रवि राम, सद्दाम हुसैन, रमेश उराव, अभिमन्यु कुमार सिन्हा, बंधन महली एवं अन्य उपस्थित थे।

**ग्रामीणों ने पीएमजेएसवाई के ठीकेदार के खिलाफ उपायुक्त को दिया आवेदन, कहा**

# सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़े जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**लोहरदगा:** प्रधानमंत्री सड़क योजना से सही घाटी से मन्हेपाट सिसकारी कोना डीपा तक निर्माण कार्य के ठीकेदार द्वारा सड़क को अधुरा छोड़े जाने के खिलाफ मन्हे पाट, चांडी, हुडमुड़, गणेशपुर, तुईमू पाट, चापरोंग, हेन्हे, गम्हरिया, गड़ातू, रोड़ो, निन्दी आदि गांवों के ग्रामीण मंगलवार को उपायुक्त से मिलने लोहरदगा समाहरणालय पहुंचे थे। ग्रामीणों ने उपायुक्त को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि सही घाटी से मन्हेपाट सि?सकारी कोना डीपा तक रोड बनवाई जाए। आवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत तुईमू, ग्राम- मन्हेपाढ, बाजार टाँड़ से लेकर सही घाटी यात्री शेड तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना कार्य के ठेकेदार अजमल अंसारी के द्वारा वर्ष 2022 में शुरू किया गया था, जो अभी क 2024 तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिसके कारण उक्त ग्रामों के ग्रामीणों तथा जिला मुख्यालय, साप्ताहिक बाजार तथा सभी



ग्राम के विद्यालयों के शिक्षकों को भी परेशानी होने के कारण शिक्षक लोग भी विद्यालय तक नहीं आ पाते हैं। जिसके कारण बच्चों को भी दिकतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर कोई पैसेन्ट को भी हॉस्पीटल तक लाना पड़े तो भी बहुत मुश्किलें होती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से निवेदन किया है कि उक्त कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराने की करवाई की जाए ताकी हम सभी ग्राम वासियों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। आवेदन करने आए ग्रामीणों में प्रखंड प्रमुख सीता देवी, पंचायत मुखिया कमला देवी, लक्ष्मण उरांव, करमनाथ उरांव, कृष्णा खेरवार, संतोष खेरवार, सिपटिन उरांव, दीनबंधु खेरवार, मेनचर भगत, शुरेश असुर, सुरेंद्र असुर, गुलाब असुर, बिशुन असुर, रामू असुर, चंद्रकिशोर असुर, भुखला खेरवार, संतोष भगत, सुखराम खेरवार, अर्जुन खेरवार, सिकंदर खेरवार, दिनेश खेरवार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# पत्नी को छोड़ एक साल का मासूम बच्चा को लेकर पति फरार

किस्को/लोहरदगा–जिले के किस्को थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी तौकीर अंसारी पिता स्वर्गीय मंसूर अंसारी ने विवाहित पत्नी गुलअफशा खातून को छोड़ एक वर्ष का बच्चा को लेकर फरार हो गया है बता दे की तौकीर राजा वर्ष 2022 में सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू गांव निवासी अलीहसन अंसारी के पुत्री गुलअफसा खातून से मुस्लिम रीति रिवाज से शादी हुई थी गुलआफसा खातून अपने पति की हरकत से परेशान होकर पति तौकिर राजा के खिलाफ किस्को थाना में केस दर्ज कराई गुलअफ़सा खातून ने लिखित शिकायत में कहा कि शादी के 6 माह ठीक से ससुराल में रही उसके बाद मेरे पति का चाल चलन ठीक नहीं लगने लगा एवं बात बता पर मार पीट करने लगा परंतु में गर्भवती थी इसलिए सब कुछ चाहती रही इस क्रम में एक पुत्र का जन्म हुआ जो वर्तमान में एक वर्ष का है पुत्र के जन्म के बाद भी मेरे पति का व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ







और लगातार मेरे साथ मारपीट करते रहा तब मुझे पता चला कि मेरे पति का अवैध संबंध शादी के पूर्व से ही किसी अन्य लड़की से है और उसी से दिन-रात फोन पर बात चीत करते रहता था जब मैं विरोध करने लगी तो मुझे मारपीट किया और बोलने लगा की एक लाख रुपये दहेज में अपने पिता से मांग कर लाओ तभी रखेंगे नहीं तो तुम्हें छोड़कर दूसरी लड़की से शादी कर लेंगे जब मैं इस बात की जानकारी अपने मायके वालों को थी तब मेरे पिता जमीन बंधक में रखकर मेरे पति को 20 हजार रुपया नगद दिए फिर भी मेरे पति के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ और लगातार एक लाख रुपये की मांग जारी रखें इसके बाद 9;00 बजे रात में मेरा पति गाल में रस्सी लगाकर जान करने का प्रयास किया परंतु मेरे हल्ला करने पर अगल-बगल के लोग जमा हो गए और मेरा जान बचाए मेरे गले में रस्सी का निशान है दूसरे दिन सुबह में मेरा 1 वर्ष का बेटा को लेकर मेरे पति कहीं चला गया और जाते-जाते बोला कि अगर तुमको बच्चा चाहिए तो अपने मायके वालों से एक लाख रुपये लेकर आना नहीं तो अपने मायके में ही रहना मैं तुमको नहीं रखूंगा उसके बाद मैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को जाकर अपना इलाज कराई जिसके बाद मेरे पति एवं पुत्र को ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन कहीं पता नहीं चला तब मैं हार थक कर किस्को थाना में लिखित आवेदन विलंब से दे रही हूं गुलफ़सान खातून ने किस्को थाना पुलिस से अपने बच्चा वापस लाने की गुहार लगाई है आवेदन के अनुसार किस्को थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है

# चीर प्रतीक्षित बलरा सरसोत सड़क के बटाने नदी पर पुल निर्माण जल्द होगा शुरू

**जनता से किया गया एक एक वादा पूरा करने का प्रयास: कमलेश**



**हरिहरगंज** प्रखंड के बलरा सरसोत सड़क में बटाने नदी पर चीर प्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य करने की निविदा निकलने से क्षेत्र वासियों में हर्ष है। मीडिया को जानकारी देते हुए हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पुल नहीं रहने से लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों की मांग और समस्या को देखते हुए श्री सिंह ने झारखंड सरकार से करीब पांच करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य पूरा कराने की निविदा निकलवाई दी है। छ्ह माह में कार्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की लगभग सभी सड़को के काया कल्प करने का काम इस वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया के बावजूद काफी प्रयास कर धरातल पर योजनाओं को उतारा जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी के द्वारा विकास कार्यों में गड़बड़ी की जाती है तो उसकी सूचना जरूर दें। तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# सुल्तानी गांव समीप NH 139 पर सड़क हादसा में विक्षिप्त महिला की हुई मौत

**पिपरा** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 सुलतानी गांव के समीप सड़क हादसा में अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से सोमवार की रात्रि एक 35 वर्षीय महिला कि ?मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पिपरा थाना के एसआई नकुल कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लिया। जानकारी देते हुए नकुल शर्मा ने मंगलवार को बताया कि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। जिसे पहचान के लिए पिपरा थाना परिसर में रखा गया है। प्रशासन को इंतजार है की कोई महिला का पहचान कर शव को ले जाए। महिला विक्षिप्त थी, जो अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई।

# मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गुमला**–जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में आज एस एस प्लस टू बालक उच्च विद्यालय गुमला के सभागार में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के उपरांत राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देश अनुरूप संचालित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अपील की गई कि नशा एक ऐसी समस्या है जिसकी चपेट में किशोर अवस्था में सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों के आने की संभावना होती है । उनके द्वारा कहा गया कि विद्यालय के शिक्षकों के समन्वय में कक्षा 9 से 12 के छात्रों पर विशेष नजर रखने तथा उनकी काउंसिलिंग करने की जरूरत है । साथ ही



विद्यालय परिसर के आस पास मादक द्रव्यों या अन्य नशीले पदार्थो के विक्रय संबंधी यदि किसी तरह की संदिग्ध जानकारी मिलती है तो उच्च अधिकारियों को अवश्य सूचित करें तथा गुरु गोष्ठी एवं शिक्षकों की बैठक में इस विषय को गंभीरता से लेते हुए रूटीन से इसकी मॉनिटरिंग करें । कार्यशाला में 18 से 26 जून तक विभागीय रूप से निर्धारित दैनिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कक्षा 9 से 12 संचालित सभी सरकारी, सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक तथा निजी विद्यालयों में गतिविधियां चलाने तथा शिक्षकों द्वारा अपने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए मादक द्रव्यों सहित अन्य नशीले पदार्थ की उपलब्धता/ विक्रय को रोकने के लिए उचित कदम उठाएंगे तथा आवश्यकतानुसार प्रशासन का सहयोग प्राप्त करेंगे । कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किरण कुमारी एवम प्रीति कुजूर तथा एडीपीओ पियूष कुमार उपस्थित रहे तथा डायट से कुमार सुंदरम भारद्वाज के द्वारा मंच संचालन किया गया ।

# जिले में 19 जून को मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस

**0-40 वर्ष के नागरिकों का कराया जाएगा जांच**

**गुमला**–कल दिनांक 19 जून को विश्व सिकल सेल अनीमिया दिवस है।इस अवसर पर पूरे गुमला जिला में वृहद रूप से सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों को उक्त बीमारी के संबंध में जागरूक किया जायगा।सभी बच्चों एवं शिक्षकों का सिकल सेल एनीमिया का निः शुल्क जाँच किया जाएगा।इसके लिए सभी कस्तूरबागांधी एवं आवासीय विद्यालयों में सभी छात्राओं एवं छात्रों का सिकल सेल एनीमिया की जांच करने की तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (एसीएमओ) डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा दी गई। ज्ञात हो की सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें ऱ्क्तष्ट हसिया के आकार का हो जाता है।यह ऱ्क्तष्ट जल्दी टूट जाता है और व्यक्ति खून की कमी से ग्रसित हो जाता है।सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों को खून की कमी ,कमजोरी,थकान होना,कमर एवं जोड़ों में दर्द होसकता है।गंभीर रूप से ग्रसित व्यक्ति को बार बार खून चढ़ाना पड़ता है।गुमला जिला में 0-40 वर्ष के सभी लोगों का खून जाँच किया जा रहा है ।यह कार्यक्रम 1 नवंबर 2022 से शुरु किया जा चुका है।जाँच के बाद लोगों को विवाह पूर्व काउंसलिंग की जा रही है जिससे की विवाह के उपरान्त उनके बच्चों को बीमारी से बचाया जा सके और जिला में सिकल सेल एनीमिया के प्रसार को रोका जा सके। इस बीमारी का जाँच ही बचाव है।

# बारिश से बच रही 12साल की नाबालिग बच्ची बनी हवस का शिकार

**चैनपुर (गुमला)** –चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आयी है। यहां एक 12 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बच्ची 3–00 बजे के आसपास अपने घर से कुछ दूर आम चुनने गई थी । तभी जोरदार बारिश होने लगी । उक्त नाबालिक बारिश से बचने के लिए भागते हुए विजय किंडो के घर पहुंची । इस दौरान विजय किंडो के घर में उसका 17 वर्षीय पुत्र विमल किंडो सिर्फ अकेला था। उसने नाबालिक किशोरी को ठग फुसला कर घर के अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। उसके बाद धमकी देते हुए कहा कि घटना के बारे में किसी को मत बताना। इसके बाद बच्ची रोते बिलख घर पहुंची । परिजन घर छराने का काम कर रहे थे । बेटी के साथ हुई घटना की जानकारी मिलते ही वे लोग काम छोड़ वहांपहुंचे जहां बेटी ने अपनी आपबीती सुनाई। इधर यह बात पूरे गांव में फैल गई। इस घटना को लेकर गांव में एक बैठक हुई । मगर बैठक में कोई फैसला नही हो पाया। इसके बाद परिजन न्याय की गुहार लगाने चैनपुर थाना पहुंचे। पीड़िता की मां ने थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। आरोपी मौके से फरार हो गया है। चैनपुर पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार किये जाने की खबर है, मगर पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने की उपायुक्त से मुलाकात

**गुमला**– आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित साप्ताहित जन शिकायत दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित पूर्वाह्न 11–00 बजे से प्रारंभ जन शिकायत निवारण दिवस में लगातार सैंकड़ों आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

**दिव्यांग बेटी सरोज बरला को उनके रोजगार संवर्धन के लिए मिली सहायता :** इसी क्रम में पिछ्ले माह जन शिकायत दिवस में उपायुक्त से मिलने बसिया प्रखंड की दिव्यांग बेटी सरोज बरला ने अपने रोजगार संवर्धन के लिए उपायुक्त से सहायता की मांग की थी। उन्होंने सिलाई करने की ट्रेनिंग ली थी एवं वह स्वयं दिव्यांग होते हुए भी अन्य महिलाओं को रोजगार करने के लिए प्रेरित करती हैं एवं उन्हें भी सिलाई करना सिखाती है, सरोज की प्रतिभा एवं कुछ करने की इच्छा को देखते हुए आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के सहयोग से सरोज को 3 सिलाई मशीन टेबल के साथ प्रदान किया गया। सरोज बरला कहती हैं कि उन्हें 1 माह में ही उपायुक्त से सहायता मिल गई जिसके लिए वे बेहद खुश है उन्होंने उपायुक्त द्वारा किए गए इस सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया। सरोज कहती है कि वह इस मशीन से अपने संस्था को विस्तारित रूप देंगी एवं और भी महिलाओं को सिलाई करना सिखाएंगी एवं अपने साथ साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार करने हेतु प्रेरित करेंगी।



**आज 50 से अधिक आवेदकों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं :** गुमला के पालकोट रोड में रहने वाले विकास कुमार ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उनकी हार्डवेयर की दुकान शॉर्ट सर्किट होने के कारण जल गई, जिसमें लगभग 6.5 लाख रुपए के संपत्ति का नुकसान हुआ, दुकान के जलने से उनके घर की आमदनी ठप हो गई है, जिसपर उन्होंने उपायुक्त से सहायता की मांग की। उपायुक्त ने उक्त आवेदन को एसडीओ गुमला को अग्रसारित किया एवं त्वरित रूप से पूरे मामले की जांच एवं उन्हें नियमानुसार सहायता राशि देने हेतु सहयोग करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से वन तालाब के समीप रहने वाली गायत्री देवी ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए उनके घर के ऊपर से गुजरने वाले 11001 के तार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से हटवाने की मांग की। घाघरा निवासी सुषमा कुमारी ने अपनी दिव्यांगता के विषय में उपायुक्त को जानकारी दी एवं उन्होंने बैटरी चालित रिक्शा की मांग की। दिव्यांग सुशील उरांव ने बताया कि वे वर्ष 2016 से मनरेगा विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहें हैं। सुशील ने उपायुक्त से घाघरा प्रखंड में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर स्थाई करने एवं लंबित बकाया मानदेय राशि के भुगतान कराने हेतु उपायुक्त से सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया एवं निश्चित होकर जाने के लिए कहा। इसके अलावा आज जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास योजना, निजी एवं सामाजिक मुद्दों को लिए आवेदकों ने उपायुक्त से मुल्कात की। एवं सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सभी विषयों पर अविलंब कार्रवाई करने हेतु अधिनस्तो को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहें।

# दक्षिण अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी।

भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। भारतीय टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी। उनके नहीं खेलने पर अरुंधति रेड्डी को टीम में लिया जा सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका




का सवाल है तो अगर उसे श्रृंखला जीवंत रखती है तो उसके बल्लेबाजों को भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करना होगा। पिछले मैच में भारतीय स्पिनरों आशा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने मिलकर सात विकेट लिए थे।

**टीम**

**भारत** - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**दक्षिण अफ्रीका** - लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेलमी टकर।

# सुपर आठ मुकाबलों से पहले तरोताजा होने वॉलीबाल खेलते दिखे भारतीय खिलाड़ी



**बारबडोस (एजेंसी)।** भारतीय टीम अब टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ मुकाबलों में उतरने के लिए तैयार है। भारतीय टीम ने लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह उत्साहित है। भारतीय टीम को सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्?तान से खेलना है। इससे पहले भारतीय टीम के खिलाफ तरोताजा होने के लिए बीच पर वॉलीबाल खेलते हुए दिखे। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी डाला है।

टीम इंडिया को अफगानिस्?तान के खिलाफ पहले सुपर-8 मैच के बाद 22 जून को बांग्?लादेश के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उसे अपने अंतिम मैच में 24 जून को ऑस्?ट्रेलिया से खेलना होगा। सुपर-8 में चार-चार टीमों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। कम से कम तीन में से दो मैच जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। हर ग्रुप से दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी।

भारतीय टीम सुपर-8 के लिए पहले अपनी अंतिम ग्यारह में कोई बदलाव करना नहीं चाहेंगी हालांकि विराट कोहली की फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई है। विराट लीग स्तर में विफल रहे थे। वहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठोड़ का कहना है कि नेट्स में विराट पूरी तरह से फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उनके बल्?ले से रन नहीं आना फिलहाल कोई चिंता की बात नहीं है। अब तक भारतीय टीम इस विश्वकप में बड़ा स्कोर नहीं बना पायी है। ऐसे में उसका लक्ष्य सुपर-आठ में बड़े स्कोर बनाना रहेगा।

# कीवी गेंदबाज फर्ग्यूसन ने रचा इतिहास, चार ओवर में बिना कोई रन दिये चार विकेट लिए




**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने पापुआ न्यूगिनी के खिलाफ एक ऐसा रिकार्ड बनाया है। जिससे तोड़ना किसी भी गेंदबाज के लिए संभव नजर नहीं आता है। इस मैच पापुआ न्यूगिनी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रनों पर ही सिमट गयी थी। इस मैच में फर्ग्यूसन ने अपने चार ओवर में एक भी रन नहीं देते हुए तीन विकेट लिए। पारी के 4.1 ओवर में फुर्ग्युसन ने पीएनजी के कप्तान असद वाला को डेरेल मिचेल के हाथों कैच करवाया। इसके बाद 11.2 ओवर में चार्ल्स अमिनी को एलबीडब्लयू किया और 13.2 ओवर में चाद सोफर को बोल्ड कर तीसरा विकेट लिया। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले टी20 क्रिकेट में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब किसी गेंदबाज ने 4 ओवर मेडन डाले हैं। साल 2021 में पनामा के खिलाफ कनाडा के साद बिन जफर ने 4 ओवर मेडन डालकर 2 विकेट लिए थे।

# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-




ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी खिलाड़ी मारिजाने कैप एकदिवसीय ऑलराउंडर की रैंकिंग में नंबर एक पर बनी हुई हैं। एकदिवसीय गेंदबाजी सूची में दीप्ति ने श्रृंखला के पहले मैच में 10 रन पर दो विकेट चटकाकर एक स्थान का सुधार करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए रखी है।

# विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने जीत के साथ की ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत

बर्लिन - विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था। वोंद्रोसोवा दूसरे दौर में अन्ना केलिन्सकाया से भिड़ेंगी। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उप विजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।



# चावला ने कहा, अभी का भारतीय गेंदबाजी आक्रमण है सर्वश्रेष्ठ

नई दिल्ली। टी20 विश्वकप में इस बार भारतीय टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। जसप्रीत बुमराह से लेकर अर्शदीप सिंह तक सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान के खिलाफ इसी कारण टीम 119 रनों के स्कोर का बचाव करने में सफल रही। इसी को लेकर पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा है कि ये भारत का सर्वकालिक महानतम गेंदबाजी आक्रमण है। उन्होंने कहा कि कि हाल के कुछ साल में भारत का गेंदबाजी आक्रमण विश्व में शीर्ष पर पहुंच गया है। चावल के अनुसार जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा टीम के पास स्पिनर कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल हैं। टी20 विश्व कप इसी कारण भारतीय गेंदबाजों ने कम स्कोर वाले मुकाबलों में भी जीत हासिल की है। चावला ने कहा, पिछले कुछ सालों से भारत का गेंदबाजी आक्रमण वास्तव में बदल गया है। अब हमारे पास दुनिया की सबसे पूर्ण और घातक गेंदबाजी इकाइयों में से एक है, जिसने टीम को संतुलन मिलता है इससे बल्लेबाजों को अपना स्वाभाविक खेल खेलने की अधिक आजादी मिली है।


# रोहित, विराट सुपर आठ और आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे तो पिछला खराब प्रदर्शन प्रशंसक भूल जाएंगे : मांजरेकर

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि अगर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सुपर आठ और आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो लीग चरण में इनके खराब प्रदर्शन को लोग भूल जाएंगे। मांजरेकर के अनुसार रोहित टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन अधिक मायने नहीं रखेगा। विराट ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह पांच रन ही बना पाये हैं। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया पर पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ वह रन नहीं बना पाये। मांजरेकर ने कहा, 'अगर आपने रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, जिससे वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी सबसे अधिक जरूरत हो। उन्होंने कहा, 'इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी लय में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। साथ ही कहा, 'अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है हालांकि सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। वहीं युवा शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मांजरेकर को अब भी शिवम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह उस प्रदर्शन को दोहरा पाते हैं या नहीं।

# भारतीय टीम को सुपर आठ में बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर से रहना होगा सतर्क

**एंटीगा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी टी20 विश्वकप के सुपर आठ की तैयारियों में लगी है। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबल 20 जून को अफगानिस्तान और 22 जून को बांग्लादेश और 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से होना है। सुपर आठ में भारतीय टीम के सभी मुकाबले वेस्?टइंडीज में खेले जाएंगे। इसमें भारतीय टीम को रोहित शर्मा एंड कंपनी के मुकाबले अफगानिस्?तान, बांग्?लादेश और ऑस्?ट्रेलिया से है। सुपर आठ में सभी टीमों से उसे सावधान रहना होगा क्योंकि यहां तक पहुंची अफगानिस्तान भी कमजोर नहीं मानी जा सकती है। भी


भारतीय टीम को विशेष रुप से बांग्?लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान से सतर्क रहना होगा। रहमान आजकर




जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह विरोधी टीमों के बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बनते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को रहमान के खिलाफ अलग रणनीति बनानी होगी। रहमान ने श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान अपने चार ओवरों में महज 17 रन दिए थे और तीन अहम बल्लेबाजों को आउट किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुस्?ताफिजुर ने अपने चार ओवरों में महज 18 रन ही दिए हालांकि वो विकेट नहीं ले पाये थे। फिर नीदरलैंड्स के खिलाफ मुस्?ताफिजुर ने चार ओवरों में एक विकेट लेकर महज 12 रन दिए।

वैसे आंकड़ों पर नजर डालें तो मुस्?ताफिजुर का टी20 में भारत के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उन्?होंने कुल 9 मैचों में भारत से खेला है और इस दौरान वो केवल चार विकेट ही ले पाये हैं। . मुस्?ताफिजुर की इकोनॉमी भी खास अच्?छा नहीं रहा है. उन्?होंने इस दौरान करीब नौ की इकोनॉमी से रन दिये हालांकि टी20 में नौ की इकनोमी को औसत माना जाता है हालांकि अभी टी20 विश्वक कप में वह चार मैचों में सात विकेट ले चुके हैं।

# विश्वकप खेलने से पहले नेत्रवलकर ने देर रात जागकर पूरे किये थे प्रोजेक्ट




फ्लोरिडा। भारतीय मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने इस विश्वकप में अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है। नेत्रवलकर के शानदार प्रदर्शन के कारण ही पहली बार टी20 विश्व कप खेल रही अमेरिकी टीम सुपर आठ में पहुंची है। नेत्रवलकर की गेंदबाजी के आगे विराट, रोहित के अलावा कई दिग्गज बल्लेबाज विफल रहे हैं। सौरव के लिए हालांकि विश्वकप में खेलना आसान नहीं रहा। इसका करण है कि वह एक साफ्टवेयर इंजीनियर भी हैं। ऐसे में उन्हें विश्वकप से पहले देर रात तक काम करना पड़ा। इसके बाद ही उन्हें विश्वकप खेलने के लिए छुट्टी मिल पायी। इस क्रिकेटर ने कहा, हर प्रोजेक्ट की एक डेडलाइन होती है, इसलिए वहां भी काम का दबाव रहता है, कई बार ऐसा हुआ है जब मैंने देर रात में काम किया है। मुझे अपना क्रिकेट कार्यक्रम पता है, इसलिए मैं अपने मैनेजर के साथ मिलकर उसी हिसाब से योजना बनाता हूं। मैंने विश्व कप के लिए टीम में आने से पहले अपना काम पूरा कर लिया था। जब हमनें सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया तो मैंने अपने ऑफिस में बताया कि मैं कुछ दिन छुट्टियों पर ही रहूंगा। अब मेरा पूरा ऑफिस मेरा खेल देख रहा है और मेरा सहयोग कर रहा है। नेत्रवलकर का 2024 में नेटवर्थ लगभग 1-2 मिलियन डॉलर के आसपास है। इसमें उनका वेतन, विज्ञापन, अनुबंध और निवेश शामिल है।

# गौतम गंभीर भारतीय टीम के हेड कोच बनने के करीब, इंटरव्यू का पहला राउंड किया पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए अपना इंटरव्यू दिया। वहीं ताजा रिपोर्ट्के अनुसार क्रिकेट सलाहकार समिती ने गंभीर का इंटरव्यू लिया। जिसका अगला राउंड अब बुधवार को होगा।

बता दें कि, ये इंटरव्यू साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि, हां, गंभीर सीएसी के साथ इंटरव्यू के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।'' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है।

हालांकि, सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे।

सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक)




के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर आठ मुकाबले के लिए बारबडोस में है। टीम 20 जून को अफगानिस्तान से खेलेगी।

# टीम से बाहर रहने पर शर्मिला ने कहा, वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप मजबूत रही

नई दिल्ली। युवा फारवर्ड शर्मिला देवी का मानना ??है कि खुद को बेहतर बनाने की चाहत ने उन्हें भारतीय महिला हॉकी टीम में वापसी करने में मदद की और वह अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगी। हरियाणा की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल फरवरी में चीन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच के साथ करीब नौ महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में शर्मिला के हवाले से कहा गया, ''यह आसान नहीं था। मुझे करीब नौ महीने तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका नहीं मिला।'' उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला (मई 2023) के बाद मुझे फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला लेकिन मैं एशियाई खेलों और ओलंपिक क्वालीफायर से चूक गई। वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप से मजबूत रही और कड़ी ट्रेनिंग करते हुए धैर्यपूर्वक अपने मौके का इंतजार किया।'' शर्मिला ने कहा ''मैंने दिन-रात अपने खेल पर काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक पहलुओं पर भी काम किया।'' जब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के अपने पहले मैच में चीन का सामना किया तो शर्मिला को आखिरकार मैदान पर उतरने का मौका मिला। उन्होंने कहा, ''मैं एक बार फिर भारतीय जर्सी पहनकर बहुत उत्साहित थी। यह मेरे द्वारा की गई मेहनत का इनाम था। अगर हम वह मैच जीत जाते तो मुझे बहुत खुशी होती लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका।




# फ्लेमिंग बोले- सुपर 8 में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 के चरण में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की अपनी क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा, 'अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ।'

भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली लेकिन जडेजा तीन मैच में केवल तीन ओवर ही कर पाए। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लंबे समय से कोच रहे फ्लेमिंग को एक ही विधा के दो खिलाड़ियों को टीम में रखने में कोई आपत्ति नहीं है।

उन्होंने कहा, 'मिशेल सेंटनर और जडेजा चेन्नई के लिए इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और कुछ अवसरों पर हमारे लिए एक ही तरह के गेंदबाजों से आठ ओवर करवाना मुश्किल काम हो जाता है। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है और अगर परिस्थितियों अनुकूल हों तो दोनों खतरनाक साबित हो सकते हैं।' फ्लेमिंग ने कहा, 'इसलिए भारत उनके ऑलराउंड कौशल और गेंदबाजी कौशल के कारण उन्हें मौका दे रहा है। जडेजा परिस्थितियां अनुकूल होने पर बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं जैसा कि हम वर्षों से देख रहे हैं। जहां तक अक्षर का सवाल है तो वह न्यूयॉर्क जैसी कुछ अलग तरह की परिस्थितियों में आक्रमण को मजबूत बनाते हैं।'



# सैन्य सम्मान के साथ सीआरपीएफ जवान का अंतिम संस्कार : गांव में छाया सन्नाटा



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**सतगावां** प्रखंड के पंचायत कटैया के भखरा के निवासी सीताराम पासवान के 54 वर्षीय पुत्र सीआरपीएफ एसआई उमाचरण पासवान की इलाज के दौरान 16 जून रविवार को दिल्ली में दम तोड़ दिया। मालूम हो की दिल्ली में हुए किसान आंदोलन के दौरान किसानों के हमले में 16 फरवरी को वे घायल हो गये थे उनका इलाज दिल्ली अस्पताल में चल रहा था । इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई । उनकी मौत की सूचना से पूरे गांव व क्षेत्र में मातम छा गया। बताया जाता है कि शहीद उमाचरण पासवान 1992 में सीआरपीएफ में अपना योगदान दिये थें। और पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सुरक्षा में भी 2 साल का योगदान दिये थें। शाहिद जवान उमाचरण पासवान के पांच पुत्री दो पुत्र हैं। मगंलवार की सुबह सैनिक वाहन से एक दर्जन सैनिकों द्वारा तिरंगा में लपेटे पार्थिव शरीर को सतगावां थाना लाया गया। जिसके बाद सारी परिक्रिया पूरी कर पार्थिव शरीर को सैन्य वाहन से ग्राम भखरा के लिए निकलते ही पूरे रास्ते सतगावां वासियों के द्वारा भारत माता की जय ,शाहिद उमा चरण पासवान अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा उमाचरण तेरा नाम रहेगा के नारों से पुरा सतगावां गुंजमान हो गया।इस दौरान सड़क पे शाहिद वाहन के साथ काफी संख्या में लोग मोटरसाइकिल और निजी वाहन से चल रहे थे।घर लाते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों और गांव वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। इस दौरान सैनिकों द्वारा घर परिवार व गांव के लोगों को शहीद का आखिरी दर्शन कराया गया। जिसके बाद शाहिद संतोष पासवान के शाहिद स्मारक के बगल में पार्थिव शरीर को सैनिकों ने सलामी देकर उनके पुत्र द्वारा मुखाग्नि दिलाया गया। इस मौके पर सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपने दल वाल के साथ थे। प्रखंड के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी श्रद्धांजलि अर्पित कि, जिसमें पूर्व जिला परिषद परिषद अध्यक्ष शालनी गुप्ता, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, जय शंकर प्रसाद, विनोद यादव, नरेश यादव, मनोज निराला, रामौतार चौधरी और हजारों की संख्या में सतगावां के लोग मौजूद थे।

# 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए डीपीएस बोकारो में चयन शिविर 23 को

**सेलेक्शन ट्रायल की जानकारी देते जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार।**



**बोकारो।** तैराकी के क्षेत्र में खेल प्रतिभा को तलाशने और तराशने के उद्देश्य से झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बोकारो जिले की टीम गठित करने को लेकर आगामी 23 जून को नगर के सेक्टर- 4 स्थित डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में सेलेक्शन ट्रायल कैंप (चयन शिविर) आयोजित किया जा रहा है। इसमें महिला व पुरुष, दोनों ही वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। मंगलवार को इस आशय की जानकारी बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष -सह - डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के स्विमिंग पूल में अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में योग्य प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयन शिविर में ओपन कैटेगरी में बोकारो जिले के किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं अन्य जगहों के स्वतंत्र प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 14वीं झारखंड राज्य सीनियर स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 आगामी 29 जून को जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में होनी है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तैराकों को मिलाकर झारखंड की महिला-पुरुष नेशनल टीमें तैयार की जाएंगी, जो भारतीय तैराकी महासंघ के द्वारा आगामी सितंबर माह में आयोजित 77वें ग्लेनमार्क सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगी।

डॉ. गंगवार ने बताया कि चयन ट्रायल में शामिल होने को इच्छुक प्रतिभागी 23 जून को प्रातः 6 बजे रिपोर्ट करेंगे। उन्हें अपने पहचान पत्र एवं लोकल एड्रेस प्रूफ के साथ अपना स्विमिंग कॉस्ट्यूम लेकर आना अनिवार्य होगा। स्विमिंग के फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस वर्गों में प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर होने वाली उक्त तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

# कैरो, भंडरा प्रखंडो का भर्मण कर फिर से कुडू पहुंचे गजराज, दहशत में ग्रामीण



**कुडू - लोहरदग़ा** = बीते शनिवार को कुडू पहुंचा हाथियों दल को जिले के कैरो, भंडरा प्रखण्ड का दौरा कर तीसरे दिन मंगलवार की सुबह तड़के 6 बजे कुडू पहुंचने से कुडू कैरो सीमाने के दर्जन भर गांव के लोगों की नींद उड़ी हुई है और अपने घरों और फसलों की हिफाज़त के लिए रतजग्गा करने पर मजबूर हैं। ज्ञात हो कि शनिवार की रात कुडू शहरी क्षेत्र में घुसे इस झुंड को ग्रामीणों ने किसी प्रकार भगाया था। जिसके बाद 22 हाथीयो का दल कुडू सीमा के सुकुरहुट्टू गांव में किसानों की मक्के की फसल को बुरी तरह रौंद कर तहस नहस कर दिया वहां से निकलकर कैरो और कुडू - कैरो बॉर्डर पर स्थित चाल्हो पतरा में एक स्कूल की चारदीवारी को आंशिक क्षति पहुंचाई और बाद में स्थानीय निवासी लक्ष्मण उरांव के घर को तोड़कर घर मे रखे अनाज को चट कर गए। कैरो प्रखंड के घसकट्टा में रात बिताई और सोमवार तड़के उतका नहर पार गजनी पहुंच अलग-अलग टोली बनाकर विचरण करते हुए भंडरा के नन्दिनी जलाशय पहुंचे वहां से वापस लौट कर सुबह 6 बजे कुडू कैरो मुख्य पथ से सटे सुकुरहुट्टू सतबिहिनी पतरा में डेरा जमाए हुए हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों के अलावा उधर से गुजरने वाले राहगीरों तक टेंशन में है। विदित हो कि हाथियों का झुंड का कुडू-चंदवा सीमावर्ती क्षेत्र तथा कुडू कैरो क्षेत्र में प्रयाह पहुंच जाता है। और लोगों का मकान तोड़ने के अलावा खेत में लगे फसलों को भी बर्बाद कर चलते बनते है। क्षेत्र में हाथियों का आतंक रहता है।

# सूखे पेड़ बड़े हादसे को दे रहे हैं आमंत्रण, जल्द नहीं हटाए गए तो हो सकता है बड़ा हादसा

**कूडू - लोहरदग़ा** -कुडू के कई घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में दर्जनों सूखे और पुराने पेड़ों से किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर बिजली खंभों में पेड़ की डाली गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित होती रहती है। ऐसा ही एक विशाल सूखा पेड़ कुडू चंदवा मुख्य पथ कूडू के टीको पुल स्थित पावर सब स्टेशन के सामने स्थित यादव ढाबा के मुख्य द्वार पर महीनों से सुख चुका पेड़ दुर्घटना को नेवता दे रहा है। एनएच 75 से होकर गुज़रने वाले सैंकड़ो भारी वाहनों के चालक नाश्ता पानी और विश्राम करने के लिए सड़क के किनारे ढाबे और होटलों में रुकते हैं। आये दिन सूखे पेड़ की टहनियां टूट कर गिरती रहती हैं। आम लोगों का कहना है कि सूखे पेड़ को हटाने में प्रशासन और जिम्मेवार विभाग द्वारा। नज़रअंदाज़ करने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। इस तरह के पेड़ो को चिन्हीत कर अगर जल्द काटकर नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



# खम्बरा स्थित कोनार नदी तट को बनाया जायेगा पर्यटन स्थल--लम्बोदर महतो



01

गोमिया। गोमिया प्रखंड के खम्हरा पंचायत स्थित कोनार नदी के तट पर बनाए गए इंटेकवेल वियर (देशी वाटर पार्क) में इस भीषण गर्मी में रोजाना सैकड़ों लोग स्नान करने आ रहे हैं और गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं. मंगलवार को गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो भी अन्य पदाधिकारियों के साथ कोनार नदी के तट पर पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण किया. इस दौरान सीओ प्रदीप कुमार महतो, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता शशिशेखर सिंह, विभाग के एसडीओ शास्त्री शाह, आइइएल थाना के अवर निरीक्षक बी शर्मा आदि उपस्थित थे. निरीक्षण के पश्चात विधायक ने बताया कि खम्हरा स्थित कोनार नदी के तट पर दो इंटेकवेल बना हुआ है और पानी के स्टोर करने के लिए वियर बनाया गया है.इसी वियर में स्वच्छ पानी जमा है. जहां लोग इस भीषण गर्मी में राहत पाने के लिए पहुंच रहे हैं. विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों एवं रैयतों की सहमति से इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा. इस कार्य में स्थानीय रैयतों की जमीन का कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा.उन्होंने बताया कि फिलहाल इंटकवेल वियर में जो पाइप लगा हुआ है, उन सभी पाइपों में जाली लगाया जाएगा और पाइप के अंदर जो कचड़ा है, उसको साफ किया जाएगा.इसी प्रकार इंटेकवेल के बाहर दोनो साइड हाई मास्क लाइट लगाया जायगा और चेंजिंग रूम बनाया जाएगा.इसी प्रकार वियर में अलग अलग जगहों पर महिला एवं पुरूष स्नान करेंगे.ऐसा व्यवस्था किया जाएगा. वहीं वियर के बगल में जो नाला है, उसमें कलभर्ट लगाया जायगा.इसी प्रकार विधायक ने आइइएल थाना के एसआई को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में शाम सात बजे के बाद लोग नहीं आवे, यह सुनिश्चित करें. कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा.उन्होंने बताया कि इसी प्रकार तेनुघाट के दामोदर नदी तट पर भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और इसके लिए रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सकारात्मक वार्ता भी हुई है.

इधर विधायक ने स्थानीय रैयतों से भी बात किया और कहा कि स्थानीय रैयतों की जमीन का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा. कहा कि रैयतों को अगर इस दौरान कोई परेशानी होती है तो उनसे संपर्क करें.

मौके पर उपस्थित गोमिया प्रखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मोहन कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और लोगों को मनोरंजन का एक साधन भी उपलब्ध होगा.

मौके पर विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, पूर्व उप मुखिया राजेश साव, पेयजल विभाग के विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, मोहन कुमार, मल्लू यादव, विक्रम साव, रविंद्र प्रसाद, जगदीश महतो, रतन प्रसाद,विजय महतो,रोहित यादव, रतन यादव, सुमित महतो,नकुल मुर्मू, साहेब राम मुर्मू आदि उपस्थित थे.

# अदम्य इच्छाशक्ति को बयां करती फिल्म 'चंदू चैंपियन' और मशहूर ब्रांड 'डा. ऑर्थो' के बीच हुआ करार

चंडीगढ़। कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन', मुरलीकांत पेटकर के संघर्ष और उनकी अदम्य इच्छाशक्ति की यात्रा को बयां करती है। उन्होंने एक सैनिक से लेकर पैरालिंपिक चैंपियन तक के उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। फिल्म में उनके जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाया गया है, जिसमें व्यक्तिगत और पेशेवर संघर्ष, जीत और प्रेरणादायक क्षण शामिल हैं। फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई है।

वहीं, फिल्म के कामयाब होने की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ एंटरप्रन्योर और इंवेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने बताया कि किसी काम की लगन और उसे पूरा करने के लिए हार न मानना ही एक चैंपियन की निशानी होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने ब्रांड आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल को इस फिल्म से कोब्रांडिंग के लिए चुना।




कोब्रांडिंग के दौरान कार्तिक आर्यन कहते हैं कि चौंपियन के पास होते हैं मजबूत इरादे व मजबूत भरोसा और ऐसे ही मजबूत इरादे और भरोसे के लिए आपको भी चाहिए डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल।

इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि हमारा प्रोडक्ट डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा हैं उन्होंने बताया कि आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतना ही नहीं अब, डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक स्ट्रांग तेल के साथ-साथ कैप्सूल, आइंटमेंट, बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर, प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

# वन विभाग के टीम से लकड़ी लदा ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए तस्कर, मामला दर्ज




**चौपारण** = बीते सोमवार की रात्री सरधवाटांड़ में ग्रामीण युवकों ने अवैध चिरान पटरा लदा एक पिकअप वाहन पकड़कर वन विभाग सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन वृन्दा जंगल से अवैध लड़की निकाला जाता था। आज हमलोगों ने वाहन को पकड़ा। सूचना के बाद सरधवाटांड़ पहुँची वन विभाग की टीम ने पिकअप वाहन को जप्त किया। इधर वन विभाग की टीम के आने से पहले ग्रामीणों व तस्करो के बीच बहुत देर तक नोकझोक हुवा। चौपारण जाने के दौरान कठम्बा मोड़ के समीप जप्त पिकअप वाहन को तस्करो ने वन कर्मियों के चंगुल से छुड़ा कर ले भागे। सूचना है कि वन विभाग ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर नामजत आरोपियों पर कार्रवाई की मांग किया। अवैध चिरान पटरा लदा पिकअप पकड़र, छोड़े जाने की सूचना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के विरुद्ध आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि जंगल में जितने अवैध कारोबार होता है उसमें वन विभाग की मिलीभगत है। जंगलो में आरामशीन बैठाकर जंगल का सफाया किया जा रहा है। ये घटना वन विभाग के मिलीभगत का परिणाम है।

इधर घटना के बाद वनरक्षी सिकन्दर नायक द्वारा चौपाराण थाना में लिखित आवेदन दिया गया। जिसमे संजय यादव पिता जग्गू यादव वृन्दा, महेश यादव पिता भीम यादव, डोमापहाड़ी डेबो, प्रकाश यादव पिता रघु यादव सरधवाटांड़ वृन्दा, महेंद्र यादव पिता भुखन यादव ग्राम नावाडीह चौपारण, रोमियो राणा पिता राजू राणा ग्राम नावाडीह पाण्डेयबारा पर आरोप है की जप्त पिकअप वाहन को कठम्बा मोड़ के समीप गाड़ी रोककर, वनकर्मियो के साथ बदसूलकी करते हुए दबंगई पूर्वक गुंडागर्दी करते हुए पिकअप वाहन को छीनकर भाग गए।



JHARKHAND MILK PRODUCTS PVT. LTD.
Vill - Tirla, Palu, Ormanjhi, Ranchi, Jharkhand - 835219

# आध्यात्मिक जागृति - आद्यि व्याद्यि का उपचार




**दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शुक्रवार, 21 जून को संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6.00 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्कों में योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जायेगा।

संयुक्त राष्ट संघ द्वारा इस वर्ष 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' दिया गया है जो निसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढ़ाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, टयूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख है।संत निरंकारी मण्डल के समाज कल्याण प्रभारी आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया जायेगा। योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में जहां महिलाएं गृहस्थ जीवन और कार्यक्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं; ऐसे में योग, उनकी व्यस्तता से भरी हुई जिदंगी की एक ऐसी आवश्यक गतिविधि है जो उनको अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूर्णता से निभाने में सहायता करती है।सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है।

अतः ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल यही है कि इस भागदौड़ भरी जिदंगी में अपनी सेहत पर और ध्यान देते हुए उसे बेहतर एवं उत्तम बनाते हुए एक स्वस्थ जीवन जीना है।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63